वर्ष-10, अंक 58 पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये
TM
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया


# आधुनिक समाचार

प्रयागराज सोमवार, 06 मई, 2024
प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
Adhunik Samachar

## संक्षिप्त समाचार

### मेरी शारीरिक जरूरतों को पूरा करो, वर्ना गोली मार दूंगा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कर्नाटक के हासन से सांसद और पूर्व जेडीएस नेता प्रज्वल रेवनन की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। रेवनन के खिलाफ दो बार रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया जा चुका है। इस बीच सांसद के कुकर्मी को लेकर हर रोज नए खुलासे हो रहे है। अब एक और शिकायतकर्ता ने रेवनन



की हैवानियत के चिट्ठे खोले हैं जेडीएस के पूर्व नेता और हासन सांसद प्रज्वल रेवनन के खिलाफ दो बार रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया जा चुका है। इस बीच सांसद के कुकर्मी को लेकर हर रोज नए खुलासे हो रहे है। अब एक और शिकायतकर्ता ने रेवनन की हैवानियत के चिट्ठे खोले हैं। महिला ने पुलिस को बताया कि रेवनन उसे बुलाकर धमकी देता था और उसका दुष्कर्म करता था 1 मई को आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) में दर्ज की गई महिला की शिकायत के अनुसार, हासन के सांसद प्रज्वल रेवनन पर 44 वर्षीय पूर्व पंचायत सदस्य के साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। महिला ने कहा कि रेवनन ने उसे और उसके पति को गोली मारने की धमकी देकर उससे दुष्कर्म किया। रेवनन पर इसके चलते आईपीसी की धारा 376 के तहत केस भी दर्ज किया गया है प्रज्वल रेवनन और उसके पिता एचडी रेवनन पर उनके घर की एक पूर्व कर्मचारी की शिकायत के आधार पर होलेनारिसपुरा टाउन पुलिस ने यौन उत्पीड़न, पीछा करने और आपराधिक धमकी देने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है।वहीं, महिला नेता ने पुलिस को बताया कि वो 2021 में कॉलेज के छात्रों के लिए छात्रावास की सीटों के बारे में बात करने के लिए प्रज्वल रेवनन से उनके सांसद आवास में मिली थीं। पीड.ित महिला की शिकायत के अनुसार, रेवनन ने उसे अलग कमरे में बुलाया था।

## राहुल-खरगे समेत कई नेताओं ने की पुंछ आतंकी हमले की निंदा, हिमंत सरमा बोले- हमलावरों को मिलेगा करारा जवाब

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पार्टी लाइन से हटकर



कई नेताओं ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की, जिसमें भारतीय वायु सेना का एक कर्मी बलिदान हो गया। पार्टी लाइन से हटकर कई नेताओं ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की जिसमें भारतीय वायु सेना के एक कर्मी की मौत हो गई। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नृशंस कृत्य के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय की पूरी ताकत का सामना करना पड़ेगा।असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नृशंस कृत्य के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय की पूरी ताकत का सामना करना पड़ेगा।आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने भी हमले की निंदा करते हुए इसे आतंकवादियों का घृणित, शर्मनाक और कायरतापूर्ण कृत्य बताया।मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि हमारे घायल जवान जल्द ठीक हों। शहीद जवान को श्रद्धांजलि, हर कोई उनके परिवार के साथ खड़ा है।यह घटना सनाई गांव में हुई, जिसके बाद घायल कर्मियों को तुरंत उधमपुर के कमांड अस्पताल ले जाया गया, जहां दुर्भाग्य से उनमें से एक की चोटों के कारण मृत्यु हो गई। हमले के बाद स्थानीय राष्ट्रीय राइफल्स इकाई ने अपराधियों का पता लगाने के लिए सेना और पुलिस के सहयोग से आसपास के क्षेत्र में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। भारतीय वायुसेना ने एक ट्वीट के माध्यम से घटना की पुष्टि की, जिसमें कहा गया कि लक्षित काफिले को सुरक्षित कर लिया गया है, और चल रही जांच पर जोर दिया गया है। वाहनों को शाहसितार के पास सामान्य क्षेत्र में एयर बेस के अंदर सुरक्षित कर दिया गया है।

## अपहरण मामले में फंसे प्रज्जवल के पिता एचडी रेवन्ना, एसआईटी ने किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**बेंगलुरु।** जदएस सांसद प्रज्ज्वल रेवनन से जुड़े स्कैंडल की जांच कर रहे विशेष जांच दल



(एसआइटी) ने शनिवार को उनके पिता और विधायक एचडी रेवनन को गिरफ्तार कर लिया। बेंगलुरु की जन प्रतिनिधि अदालत द्वारा एक महिला के अपहरण मामले में अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के कुछ ही मिनट बाद एसआइटी अधिकारी रेवनन को अपने साथ ले गए। जेडीएस नेता एचडी रेवनन को स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एघ्ऊ) ने बेंगलुरु में एक दिन की हिरासत में ले लिया है। एचडी रेवनन यौन उत्पीड़न के आरोपी पूर्व जेडीएस नेता प्रज्जवल रेवनन के पिता हैं। दरअसल एक दिन पहले एसआईटी ने तलाशी अभियान चलाया था यह तलाशी उस पीड.िता के बेटे की शिकायत के बाद की गई थी जिसके साथ प्रज्जवल ने वायरल वीडियो में यौन उत्पीड़न किया था सूत्रों ने बताया कि एचडी रेवनन को उनके पिता और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के आवास से गिरफ्तार किया गया।

## सोने की तस्करी करती थीं अफगान महिला राजनयिक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मुंबई।** भारत में सबसे वरिष्ठ अफगान राजनयिक जाकिया वारदक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। असल में वह पिछले



सप्ताह दुबई से करीब 19 करोड़ रुपये के 25 किलोग्राम सोने की तस्करी करने के आरोप में मुंबई हवाई अड्डे पर पकड़ी गई थीं लेकिन अपने विदेशी राजनयिक होने के चलते वह तब गिरफ्तारी से बच गई थीं। अफगान महिला राजनयिक सोने की तस्करी के आरोप लगे हैं। करीब 19 करोड़ रुपये का सोना जकिया दुबई से अपने कपड़ों और बेल्ट आदि में छुपाकर लाई थीं लेकिन मुंबई हवाई अड्डे के विमानतल पर पकड़ी गईं थी। बताया जाता है कि तब राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआइ) ने उनसे करीब 12 घंटे पूछताछ की थी लेकिन उनके पास राजनयिक पासपोर्ट होने के कारण वह गिरफ्तारी से बच गई थीं। हालांकि उन्होंने अपने त्यागपत्र का कारण खुद पर हो रहे व्यक्तिगत हमलों एवं लगातार मानहानि होना बताया है लेकिन उनके त्यागपत्र को सोना तस्करी के प्रकरण से ही जोड़कर देखा जा रहा है। वारदक मुंबई में अफगानिस्तान की महावाणिज्य होने के साथ-साथ नई दिल्ली में अफगानिस्तान के कार्यवाहक राजदूत का भी कार्यभार देख रही थीं।

## कृपया ध्यान दें एअर इंडिया ने बैगेज पॉलिसी में किया बदलाव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** एअर इंडिया की किफायती उड़ान मे अब केवल 15 किलोग्राम सामान मुफ्त में ले जा सकेंगे। घाटे में चल रही एअर इंडिया ने घरेलू यात्रा के लिए अपनी सामान नीति या बैगेज पॉलिसी में बदलाव किया है। एयरलाइन कंपनी ने किफायती किराया श्रेणी या इकोनॉमी क्लास के लिए फेयर फैमिली मॉडल के तहत फ्री केबिन बैगेज एलाउंस घटाकर 15 किलो किलोग्राम कर दिया है। पहले कंफर्ट क्लास में 20 किलो, कंफर्ट प्लस में 25 किलो सामान ले जाने की थी अनुमति थी। एअर इंडिया की किफायती उड़ान मे अब केवल 15 किलोग्राम सामान मुफ्त में ले जा



सकेंगे। घाटे में चल रही एअर इंडिया ने घरेलू यात्रा के लिए अपनी सामान नीति या बैगेज पॉलिसी में बदलाव किया है। एयरलाइन कंपनी ने किफायती किराया श्रेणी या इकोनॉमी क्लास के लिए फेयर फैमिली मॉडल के तहत फ्री केबिन बैगेज एलाउंस घटाकर 15 किलो किलोग्राम कर दिया है। एअर इंडिया ने पिछले साल फेयर फैमिली मॉडल की शुरुआत की थी। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, प्रवक्ता ने शनिवार को कहा कि इकोनमी क्लास के तहत तीन किराया श्रेणियां हैं - कम्फर्ट, कम्फर्ट प्लस और फ्लेक्स। दो मई से घरेलू मार्गों पर 'कम्फर्ट' और 'कम्फर्ट प्लस' श्रेणियों के लिए फ्री केबिन बैगेज एलाउंस 15 किलोग्राम कर दिया गया है। पहले 'कम्फर्ट' श्रेणी के लिए 20 किलोग्राम और कम्फर्ट प्लस श्रेणी के लिए 25 किलोग्राम फ्री केबिन बैगेज एलाउंस की अनुमति थी। 'फ्लेक्स' श्रेणी में फ्री केबिन बैगेज एलाउंस 25 किलो है।

## ड्यूटी पर सो गया स्टेशन मास्टर, ग्रीन सिग्नल का इंतजार करता रहा ट्रेन का ड्राइवर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अक्सर ट्रेन हादसों में देखा जात है कि लापरवाही के



कारण ही बड़े हादसे होते हैं। ऐसा ही तीन मई को उत्तर प्रदेश के इटावा के पास उदी मोर रोड स्टेशन पर देखा गया। यहां स्टेशन मास्टर के ड्यूटी पर सो जाने के कारण तीन मई को पटना-कोटा एक्सप्रेस ट्रेन लगभग आधे घंटे तक हरी झंडी का इंतजार करती रही साथ ही कोई अप्रिय घटना से बच गई। स्टेशन मास्टर के ड्यूटी पर सो जाने के कारण तीन मई को पटना-कोटा एक्सप्रेस ट्रेन लगभग आधे घंटे तक हरी झंडी का इंतजार करती रही साथ ही कोई अप्रिय घटना से बच गई। वहीं अब इस मामले को रेलवे ने गंभीरत से लिया है और स्टेशन मास्टर से लापरवाही का कारण बताने को कहा है। स्टेशन मास्टर ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है वहीं, अब इस मामले को रेलवे ने गंभीरत से लिया है और स्टेशन मास्टर से लापरवाही का कारण बताने को कहा है। आगरा रेलवे डिवीजन पीआरओ प्रशस्ति श्रीवास्तव ने पीटीआई को बताया कि हमने स्टेशन मास्टर को पत्र जारी किया है और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि उदी मोड़ रोड स्टेशन इटावा से पहले एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण स्टेशन है क्योंकि आगरा के साथ-साथ झांसी से भी प्रयागराज की ओर जाने वाली ट्रेनें इस स्टेशन से गुजरती हैं। सूत्रों के मुताबिक, ट्रेन के लोको पायलट को स्टेशन मास्टर को जगाने और ट्रेन को गुजरने के लिए हरा सिगन्ल चालू करने के लिए कई बार हॉर्न बजाना पड़ा।

## विपक्षी आईएनडीआईए से पीएम प्रत्याशी कौन होगा शशि थरूर ने दिया यह जवाब

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता शशि



थरूर ने कहा कि विपक्षी पाटिर्यां जो साथ कैंपेन कर रही हैं या एक दूसरे के खिलाफ सभी लोकसभा चुनाव के बाद साथ आएंगी और पीएम प्रत्याशी का चुनाव करेंगी। प्रधानमंत्री ऐसा होगा, जो सबों की सुनेगा। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि विपक्षी पाटिर्यां जो साथ कैंपेन कर रही हैं या एक दूसरे के खिलाफ सभी लोकसभा चुनाव के बाद साथ आएंगी और पीएम प्रत्याशी का चुनाव करेंगी। प्रधानमंत्री ऐसा होगा जो सबों की सुनेगा। शशि थरूर ने अयोध्या में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल न होने के पार्टी के फैसले का भी बचाव किया। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार से घबराने की जरूरत नहीं है। यह सच है कि गठबंधन सरकार एक पार्टी की बहुमत वाली सरकार से अलग तरीके से चलती है, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास प्रदर्शन एक पार्टी की बहुमत वाली सरकार की तुलना में ऐसी व्यवस्थाओं के तहत बेहतर रहा है। उन्होंने कहा, शशि थरूर ने अयोध्या में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल न होने के पार्टी के फैसले का भी बचाव किया और कहा कि निमंत्रण को अस्वीकार करना सही था, क्योंकि यह अनिवार्य रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महिमामंडन के लिए एक राजनीतिक मंच अधिक था। मेरे विचार से अगर हमने ऐसा किया होता तो यह एक गलती होती।

## पाकिस्तानी के लिए फिर देवदूत बनी भारतीय नौसेना

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने फिर देवदूत बनकर मुसीबत में फंसे पाकिस्तानी की जान बचाई। ईरानी नौका पर सवार पाकिस्तानी ने बचाने की गुहार लगाई थी। नौसेना के आईएनएस सुमेधा ने




आपात संदेश पर तुरंत कार्रवाई करते हुए ईरानी नौका अल रहमानी पर सवार पाकिस्तानी चालक दल के सदस्य को चिकित्सा सहायता देकर उनकी जान बचाई।भारतीय नौसेना ने फिर देवदूत बनकर मुसीबत में फंसे पाकिस्तानी की जान बचाई। नौसेना ने ईरानी नौका अल रहमानी पर सवार पाकिस्तानी चालक दल के सदस्य की जान बचाई। नौसेना इससे पहले मार्च में अरब सागर में ईरानी जहाज अल-कंबर का अपहरण करने वाले नौ समुद्री लुटेरों को आत्मसमर्पण के लिए विवश करके 23 पाकिस्तानियों को बचाया था। नौसेना इससे पहले मार्च में अरब सागर में ईरानी जहाज अल-कंबर का अपहरण करने वाले नौ समुद्री लुटेरों को आत्मसमर्पण के लिए विवश करके 23 पाकिस्तानियों को बचाया था। नौसेना के प्रवक्ता द्वारा एक्स पर पोस्ट किया, आपात संदेश पर तुरंत कार्रवाई करते हुए अरब सागर में तैनात युद्धपोत आइएनएस सुमेधा ने मछली पकड़ने वाली ईरानी नौका अल रहमानी को 30 अप्रैल को रोका। जहाज की बोर्डिंग टीम और चिकित्सा विशेषज्ञ नौका पर चढ़े और नौका के 20 सदस्यीय पाकिस्तानी चालक दल के एक सदस्य को चिकित्सा सहायता देकर उसकी जान बचाई। उसे सांस लेने में कठिनाई हो रही थी।

## रोहित वेमुला की आत्महत्या पर राजनीति के लिए माफी मांगें राहुल', सीतारमण बोलीं- टाक्सिक दुकान चला रहे थे कांग्रेस नेता

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**पुणे।** केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्र रोहित वेमुला की आत्महत्या का 'राजनीतिकरण' करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। रोहित ने वर्ष 2016 में आत्महत्या की थी। सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस शासित राज्य में अदालत में क्लोजर रिपोर्ट दायर किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रोहित दलित नहीं था। उसके पास एससी का फर्जी प्रमाण पत्र था। रोहित को डर था कि उसकी वास्तविक पहचान उजागर हो जाएगी। लेकिन कांग्रेस ने सार्वजनिक रूप से मुद्दे का राजनीतिकरण करने की कोशिश की थी। राहुल गांधी ने बयान दिया कि रोहित पर दबाव डाला गया। पुणे में पत्रकारों से बात करते हुए सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस शासित राज्य में अदालत में क्लोजर रिपोर्ट दायर किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रोहित दलित नहीं था। उसके पास एससी (अनुसूचित जाति) का फर्जी प्रमाण पत्र था। रोहित को डर था कि उसकी 'वास्तविक पहचान' उजागर हो जाएगी। लेकिन कांग्रेस ने सार्वजनिक रूप से मुद्दे का राजनीतिकरण करने की कोशिश की थी। संसद में राहुल गांधी ने





बयान दिया कि रोहित पर दबाव डाला गया। सीतारमण ने कहा, राहुल को उस समय लोकसभा में दिए गए अपने भाषणों को सुनना चाहिए और देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्हें एससी समुदाय से भी माफी मांगनी चाहिए जिनका उन्होंने दुरुपयोग किया। यह दलित मुद्दा नहीं था, लेकिन (राहुल ने) इसे दलित मुद्दे की तरह बना दिया। 'मोहब्बत की दुकान' चलाने की बात कहने वाले 'टाक्सिक दुकान' चला रहे थे। बाद में डेक्कन कॉलेज में 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण को साकार करने में उच्च शिक्षा की भूमिका पर छात्रों के साथ बातचीत करते हुए सीतारमण ने दावा किया कि नैरेटिव बनाया गया कि सरकार छात्रों और अनुसूचित जाति के खिलाफ है। यह गलत नैरेटिव स्वार्थी समूहों, स्वघोषित वामपंथी उदारवादी समूह, विपक्ष के नेताओं ने बनाया। उन्होंने कहा, जिस समस्या को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल किया जा सकता था, उसे सड़कों पर घसीटा गया। तत्कालीन शिक्षा मंत्री और केंद्र सरकार के खिलाफ आरोप लगाए गए क्योंकि यह केंद्रीय विश्वविद्यालय है। सीतारमण ने दावा किया कि निहित स्वार्थी समूह उच्च शिक्षा केंद्रों में जहर घोलने का कोई मौका नहीं चूकते। गौरतलब है कि रोहित की आत्महत्या के कारणों की जांच कर पुलिस ने स्थानीय अदालत के समक्ष क्लोजर रिपोर्ट दायर की है। इसमें दावा किया कि रोहित को डर था कि उसकी 'वास्तविक पहचान' उजागर हो जाएगी। संभव है कि रोहित ने इसलिए आत्महत्या कर ली हो। पुलिस ने इस मामले में साक्ष्य के अभाव में आरोपितों को क्लीन चिट दे दी है। मामले में हैदराबाद विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति अप्पा राव पोडिले, पूर्व भाजपा सांसद और इस समय हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, पूर्व भाजपा एमएलसी एन रामचंदर राव आरोपित थे। एएनआई के अनुसार भाजपा नेता अमित मालवीय ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राजनीतिक लाभ के लिए इस घटना का राजनीतिकरण किया। उन्होंने सवाल किया कि क्या वायनाड के सांसद इस मामले में माफी मांगेंगे।



# वैक्सीन, अडानी, महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार को घेरा, सत्ता पक्ष ने नकारा


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज ।** सपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता पूजा मिश्रा ने प्रयागराज शिक्षा का गढ है। यहां ज्यादातर छात्र पूरे प्रदेश से पढ़ने के लिए आते हैं। दलों के साथ गर्मा गरम बहस हुई। इससे मौसम का तापमान चढ़ने के साथ ही राजनीति का पारा भी आसमान छूने लगा। सत्ता पक्ष के लोगों ने सरकार की विकास पैसा और समय दोनों हाथ से निकल जाता है। यहां पर ज्यादातार युवाओं की उम्र 25 से 35 वर्ष के बीच है। भतिर्यां नहीं निकल रही हैं, जो निकल



पेपर लीक हो जाने के कारण वह निराश हो जाते हैं और उनका पैसा और समय दोनों हाथ से निकल जाता है। यहां पर ज्यादातार युवाओं की उम्र 25 से 35 वर्ष के बीच है। भतिर्यां नहीं निकल रही हैं, जो निकल रही हैं वह भ्रष्टाचार और पेपरलीक के चलते निरस्त हो जा रही हैं।सत्ता का संग्राम रथयात्रा अभियान के तहत शनिवार को एंग्लो बंगाली इंटर कॉलेज में राजनीतिक योजनाओं की तारीफ करते हुए इसे जनहित में बताया तो विपक्षी दलों के नेताओं ने अडानी, वैक्सीन, महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार को घेर लिया। सपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता पूजा मिश्रा ने प्रयागराज शिक्षा का गढ है। यहां ज्यादातर छात्र पूरे प्रदेश से पढ़ने के लिए आते हैं। पेपर लीक हो जाने के कारण वह निराश हो जाते हैं और उनका रही हैं वह भ्रष्टाचार और पेपरलीक के चलते निरस्त हो जा रही हैं।कहा कि दो चरण में हुआ कम मतदान बताता है कि जनता सरकार के जुमले से ऊब चुकी है। उसका इनके वादों पर से विश्वास उठ चुका है। सपा सरकार में यूपी के स्कूलों में 16 लाख शिक्षक कर्मचारी थे जो अब घटकर 14 लाख हो गए हैं। यानी सरकार ने भर्ती नहीं की।

# माफिया अतीक ने 14 लाख में लिखाई थी 2.85 करोड़ की जमीन, गैंगस्टर में कुर्क हो चुकी है भूमि

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज ।** पिछले दिनों इस जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण पर पीडीए की कार्रवाई के बाद गोपनीय ढंग से पुलिस की ओर



से शुरू की गई जांच में यह बात सामने आई। सूत्रों के मुताबिक, जमीन से जुड़े दस्तावेजों के हाथ लगने पर माफिया की अपराध से अर्जित संपत्ति के संबंध में बेहद अहम खुलासे हुए। अतीक अहमद ने गुंडई के बल पर सिर्फ करेली, धूमनगंज व खुल्दाबाद में ही जमीनें नहीं हथियाई। उसने सिविल लाइंस में बेशकीमती जमीनों को अपने नाम कराने में भी खेल किया था। ताजा मामला एमजी मार्ग पर हाईकोर्ट हनुमान मंदिर के पास स्थित बेशकीमती जमीन का है। 2.85 करोड़ की इस जमीन को महज 14 लाख में उसने अपने नाम करा लिया था। वह तब जब उस समय सरकारी मालियत के मुताबिक ही जमीन की कुल कीमत 57 लाख रुपये से ज्यादा थी। पिछले दिनों इस जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण पर पीडीए की कार्रवाई के बाद गोपनीय ढंग से पुलिस की ओर से शुरू की गई जांच में यह बात सामने आई। सूत्रों के मुताबिक, जमीन से जुड़े दस्तावेजों के हाथ लगने पर माफिया की अपराध से अर्जित संपत्ति के संबंध में बेहद अहम खुलासे हुए। पता चला कि 2006 में इस जमीन पर माफिया की नजर पड़ी। इसके बाद उसने एमजी मार्ग निवासी अब्दुल रब से इस जमीन का सौदा किया। अप्रैल 2006 में इस जमीन का बैनामा अतीक ने अपने नाम कराया। बैनामे में जमीन की कुल सरकारी मालियत 57 लाख रुपये दर्शायी गई। नियमानुसार 5.71 लाख की स्टाम्प ड्यूटी भी दी गई।

# तस्करी के लिए ले जा रहे गोवंश को पुलिस ने पकड़ा, ट्रक चालक समेत तीन हिरासत में

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज ।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बैरहना में बांगड़ धर्मशाला के फ्लाईओवर पर एक ट्रक को रोककर तलाशी ली तो उसमें बड़ी संख्या में गोवंश को भरा गया था। ट्रक नैनी की ओर से झूंसी की तरफ जा रहा था। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। चालक समेत तीन लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। कीडगंज थाना क्षेत्र के बैरहना इलाके में पुलिस ने तस्करी के लिए ले जाए जा रहे एक दर्जन भर से अधिक गोवंश को बरामद किया। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बैरहना में बांगड़ धर्मशाला के फ्लाईओवर पर एक ट्रक को रोककर तलाशी ली तो उसमें बड़ी संख्या में गोवंश को भरा गया था। ट्रक नैनी की ओर से झूंसी की तरफ जा रहा था। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। चालक समेत तीन लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।



# हॉट सीट इलाहाबाद पर चुनौती के चक्रव्यूह में घिरी भाजपा, बसपा के पिछड़ा कार्ड ने उलझाया खेल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज ।** सांसद रीता बहुगुणा जोशी का टिकट काटकर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल और यूपी के विधानसभा अध्यक्ष रहे पं. केशरीनाथ त्रिपाठी के पुत्र नीरज त्रिपाठी को भाजपा ने मैदान में उतारा है। दूसरी ओर सियासत के महारथी रेवती रमण सिंह के पुत्र उज्ज्वल रमण को लाकर कांग्रेस ने कड़ी चुनौती देने की कोशिश की है। इन सबके बीच बसपा के पिछड़ा कार्ड खेलने से इस सीट पर समीकरण उलझ गए हैं। देश को दो प्रधानमंत्री देने वाली बाद संसदीय सीट पर इस बार देश की सबसे बड़ी पंचायत का सरताज कौन बनेगा, इसे लेकर सियासी गलियारों में बहस छिड़ गई है। सांसद रीता बहुगुणा जोशी का टिकट काटकर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल और यूपी के विधानसभा अध्यक्ष रहे पं. केशरीनाथ त्रिपाठी के पुत्र नीरज त्रिपाठी को भाजपा ने मैदान में उतारा है। दूसरी ओर सियासत के महारथी रेवती रमण सिंह के पुत्र उज्ज्वल रमण को लाकर कांग्रेस ने कड़ी चुनौती देने की कोशिश की है। इन सबके बीच बसपा के पिछड़ा कार्ड खेलने से इस सीट पर समीकरण उलझ गए हैं।इस सीट



पर अब तक की जीत का रिकॉर्ड देखें तो मुरली मनोहर जोशी तीन बार यहां से सांसद रहे। दो बार लाल बहादुर शास्त्री और दो बार रेवती रमण सिंह सांसद चुने गए। साल 1988 में हुए उपचुनाव में विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कांग्रेस के सुनील शास्त्री को हराया और बसपा संस्थापक कांशीराम को तीसरे नंबर पर संतोष करना पड़ा था। कांशीराम ने तब पंजाब से आकर इलाहाबाद सीट से अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की थी। यहां से वह पहला चुनाव लड़े थे इस बार पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार को उतार कर बसपा ने यहां दलित, पिछड़ा और मुस्लिम का नया समीकरण बनाने की कोशिश की है। पार्टी के नेता अभिषेक गौतम कहते हैं कि सपा और भाजपा ने सवर्ण उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। इसे देखते हुए बसपा का दलित और पिछड़ा का नया समीकरण भाजपा कांग्रेस की नींद उड़ाने वाला है। इस सीट से पहले सांसद श्रीप्रकाश स्वतंत्रता सेनानी थे और कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े थे। उनके बाद लाल बहादुर शास्त्री 1957 में यहां से सांसद चुने गए। 1973 में भारतीय क्रांति दल के जनेश्वर मिश्रा को जनता ने चुना। 1984 में अमिताभ बच्चन कांग्रेस की टिकट पर सांसद चुने। 1988 के उपचुनाव में वीपी सिंह निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में विजयी हुए। 1996, 1998 और 1999 में मुरली मनोहर जोशी ने फतह हासिल की।

# अपहरण और हत्याकांड में फरार चल रहे बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज ।** थरवई के मलाका पुलिया के पास रोज की तरह शुक्रवार रात को भी वाहनों की चेकिंग हो रही थी, तभी पुलिस चेकिंग को देख कर कार सवार बदमाश तेजी से भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी की तो बदमाशो ने कार से ही पुलिस पर कई राउंड फायरिंग कर दी। थरवई में लालमनि पटेल अपहररण व हत्याकांड मामले में फरार चल रहे आरोपी तीन बदमाशों को पुलिस ने शुक्रवार की देर रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए हैं। पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच उनका उपचार एसआरएन अस्पताल में चल रहा है। पुलिस इनको काफी समय से खोज रही थी। थरवई के मलाका पुलिया के पास रोज की तरह शुक्रवार रात को भी वाहनों की चेकिंग हो रही थी, तभी पुलिस चेकिंग को देख कर कार सवार बदमाश तेजी से भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी की तो बदमाशो ने कार से ही पुलिस पर कई राउंड फायरिंग कर दी।

# बेरोजगारों के दर्द को नहीं समझ रही सरकार सिर्फ चुनाव में किया जाता है रोजगार का वादा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज ।** न्यू कटरा में समिया माई पार्क में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में प्रतियोगी छात्रों ने सरकार को युवाओं के मुद्दे पर बुरी तरह से असफल बताया। कहा कि लाखों की संख्या में पद रिक्त पड़े हुए हैं। सरकार युवाओं को नौकरी देना नहीं चाहती है। लोकसभा चुनाव में जनता का मूड़ जानने के लिए निकली अमर उजाला सत्ता का संग्राम रथ यात्रा शुक्रवार को दूसरे चरण के के वार्ता में युवाओं से संवाद स्थापित किया। न्यू कटरा में समिया माई पार्क में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में प्रतियोगी छात्रों ने सरकार को युवाओं के मुद्दे पर बुरी तरह से असफल बताया। कहा कि लाखों की संख्या में पद



रिक्त पड़े हुए हैं। सरकार युवाओं को नौकरी देना नहीं चाहती है। प्रतियोगी छात्र विक्की खान ने कहा कि पहले तो भर्ती निकलती नहीं है, जब निकलती है तो पेपर लीक हो जाता है। कोई भी भर्ती अंजाम तक नहीं पहुंच रही है। युवाओं के सपनों को पैरो तले कुचला जा रहा है। गांव से आकर गरीब मां बाप के बच्चे दस बाई दस के कमरे में पूरी जवानी खपा देते हैं और उनके हाथ सिर्फ निराशा ही लगती है और वह गांव और समाज में हंसी का पात्र बन जाते हैं। मां बापा और परिवार के सपने बिखर जाते हैं। युवा अवसाद में चला जाता है और गलत कदम उठाने के लिए मजबूर हो जाता है कहा कि बेसिस शिक्षा मंत्री ने सदन में कहा है कि शिक्षक सरप्लस हो गए हैं, इसलिए भर्ती नहीं होगी। इसी तरह माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने भी अधिक शिक्षक होने बात सदन में बताई।



# रजवारी टोल प्लाजा पर टैक्स मांगने पर बवाल, जमकर हुई मारपीट, दो घंटे तक लगा जाम; 12 लोग घायल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** वाराणसी जिले में मार्कंडेय महादेव मंदिर से दर्शन कर लौट रहे वाहनों के टोल को लेकर यात्रियों व टोलकमियों के बीच




बवाल हो गया। पुलिस पर बिना टोल टैक्स के वाहनों को पास कराने का आरोप लगाते हुए झगड़ा शुरू हुआ तो मारपीट में तब्दील हो गया। मारपीट में 12 लोग घायल हो गए। वाराणसी जिले के चौबेपुर थाना क्षेत्र के रजवारी टोल प्लाजा पर शनिवार शाम मार्कंडेय महादेव मंदिर से दर्शन कर लौट रहे दो वाहनों के टोल टैक्स को लेकर टोल कमियों व यात्रियों में मारपीट हो गई। तोड़फोड़ में केबिन का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों के 12 लोगों को चोट लगी है। घटना के बाद दो घंटे तक वाहनों की कतार लग गई। जाम को देख पुलिस ने एक घंटे तक बिना टोल दिए वाहनों को पास कराया। दोनों पक्षों ने तहरीर दी है। डीसीपी वरुणा ने भी मौके पर पहुंचकर सीसी कैमरे को खंगाला। गाजीपुर के शादियाबाद लखनपुर निवासी रामाशीष राजभर परिवार के साथ दो वाहनों से मार्कंडेय महादेव मंदिर दर्शन करने आए थे। शाम को लौटते समय टोल प्लाजा पर कमियों से कहासुनी हो गई। गाड़ी रोक दी गई और कार सवार युवकों और टोल कमियों में नोकझोंक शुरू हो गई। देखते ही देखते मारपीट होने लगी। कार सवार महिलाएं चीखने चिल्लाने लगीं। मारपीट में रामाशीष (32), राहुल राजभर (28), राजू राजभर (25), कुसुम देवी (28), रीना (35), अरबिंद (18), चूनन्‍ (15) घायल हो गए।उधर, टोला प्लाजा कमियों में रजनीकांत यादव (25), विनय चौहान, सूरज वर्मा, अंकित सिंह, सूरज कुमार समेत अन्य को चोटें आई हैं। डीसीपी वरुणा, एसीपी सारनाथ, चौबेपुर, चोलापुर, सारनाथ थानों की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरपतपुर में उपचार कराया गया। टोल प्लाजा के प्रबंधक अनुराग चौहान ने बताया कि टोल टैक्स मांगने पर वाहन सवारों ने टोल कमियों पर हमला कर बॉक्स, केबिन क्षतिग्रस्त कर दिया। कर्मचारियों से नकदी भी छीन ली। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। एसीपी सारनाथ अतुल अंजान त्रिपाठी ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# चुनावी रथ जौनपुर पहुंचा, जनता ने खुलकर रखा अपना पक्ष; वैक्सीन और बेरोजगारी का उठा मुद्दा


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** सत्ता का संग्राम रथयात्रा अभियान के तहत रविवार को जौनपुर में चाय पर चर्चा के दौरान चुनावी मुद्दे उठाए गए। इससे मौसम का तापमान



चढ़ने के साथ ही राजनीति का पारा भी आसमान छूने लगा। कुछ लोगों ने सरकार की विकास योजनाओं की तारीफ की तो कुछ ने वैक्सीन, महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर अपना पक्ष रखा। लोकसभा चुनाव को लेकर लोगों के बीच पहुंचकर उनकी राय जानने के उद्देश्य से अमर उजाला सत्ता का संग्राम रथयात्रा अभियान अलग- अलग शहरों में चलाया जा रहा। इसी क्रम में चुनावी रथ 'सत्ता का संग्राम' रविवार को जौनपुर जिले में पहुंचा। यहां तड़के सद्भावना पुल पर चाय पर चर्चा के दौरान लोगों ने अपनी बातों को खुलकर सामने रखा। लोगों ने अपने चुनावी मुद्दे बताए। यहां मौजूद लोगों ने कहा कि दो बिंदुओं पर जौनपुर की राजनीती चल रही है। एक तरफ भाजपा और दूसरी ओर सपा। शिक्षा स्वास्थ्य अहम मुद्दा है। विकास का मुद्दा है लेकिन बीते तीन वर्षों में सड़कों का बुरा हाल है। पढ़े-लिखे लोग बेरोजगार घूम रहे हैं। गैस सिलिंडर के दाम आसमान छू रहे। पेट्रोल-डीजल के दार भी बढ़ गए। प्रत्याशियों को लेकर लोगों ने कहा कि भीतरी बाहरी का कोई फर्क नहीं है। कुछ लोगों ने कहा कि इस बार सत्ता पक्ष के विरोध में चुनाव है। जितने वादे किए गए कोई पूरे नहीं हुए। वैक्सीन का मुद्दा है, सबके जीवन से खिलवाड़ किया गया। कहा जौनपुर सपा का गढ़ है। कहा कि राजनीतिक पाटिर्यों में कांग्रेसी ज्यादा देखे जायेंगे। पाटिर्यां वही हैं नेता अपने हिसाब पार्टी बदलते हैं। वैक्सीन को लेकर लोगों ने कहा कि वैक्सीन अगर गलत नहीं है तो मोदी का फोटो क्यों हटा। शौचालय पर से तो नहीं हटा।

# 17 करोड़ से बने ऑडिटोरियम में बनेगा रिकॉर्डिंग स्टूडियो

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** बीएचयू में 17 करोड़ की लागत से बने ऑडिटोरियम में रिकॉर्डिंग स्टूडियो बनेगा। इससे विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को



अपनी आवाज को रिकॉर्ड करने के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। साथ ही ऑडियो रिकॉर्डिंग में नया कोर्स लॉन्च करने की भी तैयारी चल रही है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संगीत कला विभाग के छात्र-छात्राएं अब अपनी गायन की कला को विश्वविद्यालय में ही रिकॉर्ड कर सहेज सकेंगे। उन्हें कहीं और जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके लिए विभाग में रिकॉर्डिंग स्टूडियो बनाया जाएगा। इसमें गायन, वादन से जुड़े छात्र-छात्राएं अपनी कला को रिकॉर्ड करेंगे। इस बीच विभाग की ओर से रिकॉर्डिंग कोर्स शुरू करने तैयारी है।बीएचयू के संगीत कला विभाग को पिछले महीने मिले आधुनिक पं. ओमकार नाथ ठाकुर ऑडिटोरियम में रिकॉर्डिंग स्टूडियो बनाया जाएगा। 17 करोड़ की लागत से बनकर तैयार 450 सीटों वाला ऑडिटोरियम पूरी तरह वातानुकूलित है। पहले यहां जमीन पर बैठकर लोग कार्यक्रम देखते थे। अब हॉल में पुशबैक सीटें लगाई गई हैं। वुडेन फ्लोरिंग और एंटी फायर कर्टेंस से सजे ऑडिटोरियम में साइक्लोरेमा प्रोजेक्शन सिस्टम लगाया गया है। इसमें डिजिटलाइज्ड साउंड सिस्टम पहले से ही लगा है। अब इसमें रिकॉर्डिंग स्टूडियो भी होगा। इसमें ऑडियो की रिकॉर्डिंग की जाएगी। विभाग में यहां शीघ्र ही रिकॉर्डिंग में नया पाठ्यक्रम शुरू करने की चर्चा है। इसी से लगा हुआ मेकअप के लिए एक ग्रीन रूम बनाया जाएगा, जिसमें कलाकार साज-सज्जा कर सकेंगे।विभाग के डीन प्रो. के शशि कुमार के मुताबिक स्टूडियो पर तेजी से काम किया जा रहा है। इससे छात्र-छात्राओं को अपनी आवाज रिकॉर्ड करने के लिए कहीं और जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# पीएम आवास के नाम पर छह लाख 50 हजार की धोखाधड़ी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** सीपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर मामले की पड़ताल की। शनिवार को कांशीराम आवास निवासी मोहम्मद समीम को शिवपुर पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।वाराणसी के प्रेमचंद नगर कॉलोनी (पांडेयपुर-लालपुर) की रहने वाली पीडि़ता निवासिनी इमरन निशा ने शिवपुर थाना क्षेत्र के कांशीराम आवास निवासी मोहम्मद शमीम के ऊपर धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। पीडि़ता इमरन निशा दिव्यांग हैं और ट्रस्ट चलाती हैं। पीडि़ता ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत गरीब महिलाओं का आवास दिलाने की बात मोहम्मद समीम ने कही थी। उसने खुद को भाजपा सेक्टर संयोजक बताया था। प्रधानमंत्री आवास आवंटन हेतु रुपयों की भी मांग की गई थी। इमरन ने शबनम परवीन, आयशा खान, दिलनवाज फातिमा, हिना बानो, नीलोफर परवीन, फरहद जहां, रुकसाना बेगम, काफिला अहमद, आसिफ खान से कुल 6 लाख 50 हजार लेकर मोहम्मद समीम को दिया था। इसके उपरांत जांच कराई गई तो समीम फर्जी साबित हुआ। इस पर समीम, इमरन को जान से मारने की धमकी देने लगा।




# यूपी एटीएस को बड़ी सफलता, पाक की खुफिया एजेंसी के एजेंट को दबोचा; लगा है ये संगीन आरोप

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर से एटीएस ने पाक की आईएसआई के एजेंट जियाउल हक को गिरफ्तार किया है। खलीलाबाद रेलवे स्टेशन से यूपी एटीएस ने एक आरोपी को अपने कब्जे में लिया। जो सेना से जुड़ी गोपनीय जानकारियां आईएसआई को भेजता था। पुलिस महानिरीक्षक यूपी एटीएस के द्वारा आरोपी के गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का पुरस्कार भी घोषित किया



गया था। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश एटीएस ने वर्ष 2023 में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के कहने पर भारतीय सेना से जुड़ी महत्वपूर्ण गोपनीय सूचनाएं भेजने और पाकिस्तान स्थित आईएसआई के हैंडलर्स को इसके एवज में भिन्न-भिन्न अवैध खातों का प्रयोग करके पैसे भेजने वाले आपराधिक, देश विरोधी संजाल को ध्वस्त करते हुए थाना एटीएस लखनऊ पर केस दर्ज हुआ था।मामले में अमृत पाल सिंह उर्फ अमृत गिल, इजहारुल हुसैन तथा रियाजुद्दीन को गिरफ्तार किया गया था।

# बीएचयू में बवाल मामले में तीन छात्रों को मिली अग्रिम जमानत, छात्र की मौत के अफवाह पर की थी तोड़फोड़

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** बीएचयू कुलपति के आवास में तोड़फोड़, प्रॉक्टोरियल बोर्ड के गाड्‌र्स व पुलिसकमियों से मारपीट, कैंपस में पथराव और



उपद्रव के मामले में तीन छात्रों को अग्रिम जमानत मिली है। इन्होंने कैंपस में एक छात्र की मौत के अफवाह को लेकर बवाल किया था। सड़क हादसे में बीएचयू के छात्र की मौत की अफवाह पर बीएचयू वीसी आवास और चीफ प्रॉक्टर कार्यालय में तोड़फोड़, मारपीट व बवाल के मामले में तीन छात्रों को कोर्ट ने राहत दी है। विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) अनिल कुमार पंचम की अदालत ने आरोपी छात्रों की अग्रिम जमानत मंजूर कर ली है। गाजीपुर के घरिहा निवासी अंकित पाल, बिहार के रोहतास निवासी क्षितिज कुमार व बड़ागांव क्षेत्र के अहरक निवासी दर्शित पांडेय को पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने की दशा में 50-50 हजार रुपये की दो जमानत और बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, बीएचयू चीफ प्रॉक्टर कार्यालय के सहायक सुरक्षा अधिकारी राकेश गुप्ता ने 18 फरवरी 2024 को लंका थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

# 3 दिन में 6 हजार का नुकसान होता है, लेकिन यहां की ऊर्जा से सालभर लाखों कमाता हूं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** विश्व विख्यात संकट मोचन संगीत समारोह में देश के कोने-कोने से लोग आते हैं। बुजुर्गों



की टोलियां भी इसमें शामिल होती हैं। संगीत कार्यक्रम में हर जन भक्ति भाव में लीन हो जाता है। अमर उजाला पर कुछ बुजुर्गों ने बयां किए अपने अनुभव. 'यहां आने पर लगभग 6 हजार का नुकसान हो जाता है, रहने-खाने का 2 हजार और कमाई का 4 हजार। फिर भी हर साल आकर तीन दिन रुकता हूं, क्योंकि यहां से जो ऊर्जा मिलती है उससे साल भर काम में मन लगा रहता है और लाखों रुपये कमाता हूं।' ये कहना है लगातार 25 वर्षों से संकट मोचन संगीत समारोह देखने आ रहे पेशे से दर्जी सासाराम बिहार निवासी काशी प्रसाद खरवार का। वे 67 साल के हैं। 1999 के आसपास उनके एक मित्र इस कार्यक्रम में लेकर आए थे। तब से ऐसा मन रमा कि साल के तीन दिन हनुमत भक्ति के लिए फिक्स रखते हैं। हालांकि ऐसा करने वाले वे अकेले नहीं हैं। बिहार के अलग-अलग गांव से आने वाले उनके मित्रों की टोली लगभग 15 से 20 लोगों की है। कार्यक्रम की अंतिम निशा के अंतिम दौर में भी इन बुजुर्गों की आंखे थकी नहीं हैं। कोई बीएचयू में पढ़ने के दौरान प्रोफेसर के कहने पर यहां आया और कोई किसी दोस्त के आग्रह पर, लेकिन एक बार आ गया तो यहां से हमेशा का जुड़ाव हो गया।




# संवैधानिक व्यवस्था में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर मतदान का अधिकार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मीरजापुर।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विधानसभा मड़िहान अन्तर्गत विकास खंड पटेरा कला की ग्राम पंचायत बसही में आज जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलधिकारी प्रियंका निरंजन एवं मतदाता जागरूकता के नोडल/मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार एवं उप जिलाधिकारी मड़िहान युगांतर त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी पटेहरा कला एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत तथा विकासखंड के समस्त कमिर्यो के सहयोग से ग्राम पंचायत में एक वृहद लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम ग्राम पंचायत बसही ही के अलावा मरचा, शोभा व गढ़वा एवं अन्य ग्राम पंचायत के भी मतदाताओं ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पहली बार वोट देने वाले नए मतदाताओं को वोटर आईडी देकर के तथा वोट देने हेतु निमंत्रण पत्र दे सम्मानित किया गया और उपस्थित जन समुदाय को वोट देने हेतु प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रियंका निरंजन जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा उपस्थित जन समुदाय से यह अपील किया गया कि सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, बने मिर्जापुर कि शान करें, एक जून को मतदान का नारा दिलाया गया तथा वोट प्रतिशत को बढ़ाने हेतु



स्वयं वोट डालें तथा लोगों को भी प्रेरित करें उपस्थित जन समुदाय को मतदान करने हेतु शपथ भी दिलाई गई। जिलाधिकारी द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2019 में इस ग्राम पंचायत द्वारा इस विधानसभा क्षेत्र में सर्वांगीण वोट प्रतिशत 87.35 की वोटिंग किए जाने पर उपस्थित समुदाय को धन्यवाद दिया गया तथा यह अपील किया गया कि इस बार आप लोग 90 प्रशित से ऊपर वोट दें जो पूरे जनपद हेतु एक नजीर बन सके।मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित जन समुदाय से अपील किया गया कि हम अपने वोट का मताधिकार का प्रयोग इसलिए करते हैं कि हम एक मजबूत एवं पारदर्शी तथा निष्पक्ष सरकार का चयन करें जिससे हमारा स्वास्थ्य शिक्षा आर्थिक एवं सर्वांगीण विकास हो सके जब हम एक अच्छे लोकतंत्र के इस महापर्व पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे तभी हम एक सफल और सशक्त देश का निर्माण करेंगे। कार्यक्रम के अंत में ग्राम पंचायत में लगाए गए सेल्फी पाइंट पर जिलाधिकारी द्वारा स्वयं सेल्फी खींच गया तथा अमृतसर और तालाब का निरीक्षण किया गया एवं इस ग्राम पंचायत को आइडियल माडल गांव स्वच्छता के क्षेत्र में बढ़ाने हेतु अपने सुझाव भी दिए गए कार्यक्रम समाप्ति के बाद दोनों अधिकारियों के द्वारा पार्क परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया तथा जल संचय हेतु लोगों को जागरूक किया गया मुख्य विकास अधिकारी द्वारा वोट देने के समय कोल्ड रूम बनाए जाने की बात कही गई जिसका मुख्य उद्देश्य वोट देने वाले व्यक्तियों को पानी की सुविधा प्राप्त हो शौचालय की सुविधा पर्याप्त तथा गर्मी ना लगे इसके लिए अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी की जा रही है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के प्रथम नागरिक प्रधान अभिषेक सिंह जी द्वारा जिलाधिकारी या मुख्य विकास अधिकारी को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में लोकगायक रमापति पाल एवं उनकी टीम के द्वारा जिलाधिकारी के स्वागत गीत के साथ ही अनेक मतदाता जागरूकता गीत प्रस्तुत कर लोगो को एक जून को मतदान करने की अपील की गयी। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्राओ के द्वारा सरस्वती वन्दना व मतदाता गीत तथा छात्रो द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं से मतदान कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की गयी। कार्यक्रम में श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव जिला कंसलटेंट स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, कृष्ण उपाध्याय सहायक विकास अधिकारी पंचायत मोहसिन खान खंड प्रेरक एवं विकासखंड के समस्त सचिव तथा ग्राम वासी उपस्थित रहें।

# अमेठी-रायबरेली से कम नहीं पूर्वांचल की इस सीट का सस्पेंस, अब तक दोनों प्रमुख दल नहीं तय कर सके प्रत्याशा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मीरजापुर।** अमेठी-रायबरेली सीट की ही तरह पूर्वांचल की रॉबर्ट्सगंज सीट पर भी सस्पेंस बना हुआ है। नामांकन शुरू होने में कुछ घंटों का समय है। अब तक दोनों प्रमुख दल प्रत्याशी नहीं तय कर सके हैं। प्रत्याशी को लेकर जैसा सस्पेंस अमेठी, रायबरेली और कैसरगंज में था, ठीक वैसे ही हालात पूर्वांचल की रॉबर्ट्सगंज सीट पर भी है। फर्क यही है कि यहां कोई वीआईपी नहीं है। यहां सातवें यानी अंतिम चरण में एक जून को वोट पड़ेंगे।सातवें चरण का नामांकन शुरू होने में अब 48 घंटे शेष रह गए हैं, मगर अब तक यहां की सियासी तस्वीर साफ नहीं हो पाई है। न तो सत्ताधारी गठबंधन ने उम्मीदवार की घोषणा की है और न ही विपक्षी गठबंधन की ओर से ही प्रत्याशी तय हुआ है। दोनों ही प्रमुख खेमे में प्रत्याशी को लेकर सियासी रणनीतिकार भी हैरान हैं। लोग नामों पर सिर्फ कयासबाजी ही लगा रहे हैं। यूपी की अंतिम लोकसभा सीट रॉबर्ट्सगंज अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। मौजूदा समय यहां अपना दल-एस के पकौड़ी लाल कोल सांसद हैं। भाजपा के साथ गठबंधन में अपना दल-एस को प्रदेश में जो दो सीटें मिली हैं, उसमें रॉबर्ट्सगंज भी एक है। पार्टी अब तक तय नहीं कर पाई है कि इस सीट पर वह किसे उतारे।पार्टी का एक धड़ा पकौड़ी लाल कोल को



ही दोबारा मौका देने पर जोर दे रहा है, मगर दूसरा खेमा नए चेहरे पर दांव लगाने की पैरवी कर रहा है। इसके पीछे पिछले साल वायरल ऑडियो के कारण एक खास वर्ग की नाराजगी को कारण बताया जा रहा है। दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन की ओर से सपा के खाते में सीट है। सपा में टिकट के कई दावेदार हैं, लेकिन जातिगत समीकरणों के लिहाज से सभी पहलुओं को टटोलने के बाद पार्टी ऊहापोह में है। वह पहले अपना दल-एस से दावेदार तय होने का इंतजार कर रही है, ताकि कई सीटों की तरह उसे यहां भी प्रत्याशी बदलने की नौबत न आए। इसके चलते अब तक दोनों ही दलों में प्रत्याशी का चेहरा साफ नहीं हो पाया है। इस सीट पर अब तक बसपा ने ही उम्मीदवार उतारा है। नामांकन की तिथि नजदीक आने के बाद भी मुख्य दलों में छाए सननटे से चुनावी माहौल जोर नहीं पकड़ पा रहा।प्रत्याशी चयन को लेकर शीर्ष स्तर पर लगातार चर्चा चल रही है। दोनों ही सीटों पर कोई नाम घोषित नहीं हुआ है। पार्टी के सिंबल को ही अपना प्रत्याशी मानकर कार्यकर्ता चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। नामांकन से पहले ही नेतृत्व प्रत्याशी घोषित कर देगा।- सत्यनारायण पटेल, जिलाध्यक्ष, अपना दल-एस। प्रत्याशियों के लिए मुश्किल होगा हर दर तक पहुंचना रॉबर्ट्सगंज भौगोलिक रूप से यूपी का सबसे बड़ा लोकसभा क्षेत्र है। बिहार, झारखंड, मप्र और छत्तीसगढ़ की सीमाओं से सटे इस सीट के एक छोर से दूसरे छोर की दूरी करीब ढाई सौ किमी है। कई गांवों की बसावट इतनी दुरुह है कि वहां तक पहुंचने में तीन-चार घंटे लग जाते हैं। सात मई से नामांकन शुरू होगा और 30 मई को प्रचार का अंतिम दिन है। आचार संहिता को लेकर भी चुनाव प्रचार में कई पाबंदियां हैं। ऐसे में प्रत्याशियों के लिए हर मतदाता तो दूर, हर गांव तक पहुंचना भी मुश्किल है। संभव है, ऐसे बहुत से मतदाता होंगे, जिन्हें प्रत्याशी को जाने-समझे और देखे बगैर वोट देना होगा। सातवें चरण के चुनाव के लिए नामांकन सात से वाराणसी और गाजीपुर समेत पूर्वांचल की आठ लोकसभा सीटों पर सातवें यानी अंतिम चरण में एक जून को वोट पड़ेंगे। इसके लिए नामांकन की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू होगी। जिला निर्वाचन कार्यालय में नामांकन से जुड़ी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सातवें चरण में घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व रॉबर्ट्सगंज सीट पर चुनाव होंगे। रविवार को यहां व्यय प्रेक्षक भी पहुंच जाएंगे। इस बीच गाजीपुर की जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि गाजीपुर लोकसभा सीट के लिए नामांकन पत्र दाखिला, उनकी जांच, नाम वापसी एवं चुनाव चिह्न आवंटन का कार्य कलेक्ट्रेट स्थित जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय (कमरा नं.-एक) में होगा।

# पत्नी की हत्या करने के बाद पति ने की आत्महत्या

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मीरजापुर।** थाना पड़री क्षेत्रान्तर्गत ग्राम देवाही में पति-पतने के बीच हुए वाद-विवाद में पति सूर्यभान पुत्र लालमणी निवासी धर्मापुर थाना शाहपुर जनपद रीवा मध्य प्रदेश, उम्र करीब-28 वर्ष द्वारा अपनी पतनी रीनू पुत्री शेषमणी निवासिनी देवाही थाना पड़री जनपद मीरजापुर, उम्र करीब-25 वर्ष की धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या करने के उपरान्त सूर्यभान उपरोक्त द्वारा स्वयं फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई । सूचना पर पुलिस उच्चाधिकारीगण व थाना पड़री पुलिस बल द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर मृत पति-पतनी उपरोक्त के शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । प्राप्त जानकारी के अनुसार इनकी शादी वर्ष-2019 में हुई थी, आज पति(सूर्यभान) अपनी पतनी(रीनू) को साथ अपने घर रीवां ले जाना चाहता था जिनके बीच साथ जाने की बात को लेकर वाद-विवाद हो गया था ।

# कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत समीक्षा गोष्ठी कर अधिकारीगण को दिया गया आवश्यक दिशा-निर्देश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मीरजापुर।** पुलिस उप-महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर द्वारा पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के साथ सभागार कक्ष में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पनन कराने तथा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये



रखने के दृष्टिगत समीक्षा गोष्ठी कर सम्बन्धित को अधिकारीगण को दिया गया आवश्यक दिशा-निर्देश –पुलिस उप महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर ठआर.पी.सिंहठ द्वारा पुलिस अधीक्षक मीरजापुर ठअभिनन्दनठ के साथ लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पनन कराने तथा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के मद्देनजर पुलिस लाइन मीरजापुर स्थित सभागार कक्ष में जनपदीय पुलिस बल के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण एवं शाखा प्रभारीगण की समीक्षा गोष्ठी की गयी । लोकसभा सामान्य निर्वाचन को आदर्श आचार संहित का अनुपालन करते हुए नामांकन प्रक्रिया सहित अन्य चुनावी प्रक्रियाओं को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपनन कराने हेतु जनपद के सभी थानों द्वारा नियमित रूप से संवेदनशील ग्रामों, कस्बों एवं संवेदनशील/अति संवेदनशील बूथों/मतदान केन्द्रों में भ्रमण करने तथा क्षेत्र में नियमित रुप से बार्डर चेकिंग, बैरियर चेकिंग, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग करने के निर्देश दिए गए । गोष्ठी के दौरान शराब, खनन, गो-तस्करी, भूमाफिया तथा मादक पदार्थ तस्करों आदि के बारे मे जानकारी कर इस प्रकार के अपराधो मे संलिप्त अभियुक्तों पर गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही, जिलाबदर/ईनामियां वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं प्रभावी कार्यवाही करने तथा गैंगस्टर अधि0 के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों में धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही करने, निरोधात्मक कार्यवाही करने तथा जनपद मे खनन, शराब,भूमाफियाओं तथा मादक पदार्थ तस्करों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर अभियोग पंजीकृत कर कड़ी कानूनी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर व ऑपरेशन, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी लालगंज, क्षेत्राधिकारी चुनार, क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन, क्षेत्राधिकारी एलआइन्यू, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन, यातायात प्रभारी, चुनाव सेल प्रभारी, प्रधान लिपिक, वाचक पुलिस अधीक्षक, प्रभारी मीडिया सेल, प्रभारी डीसीआरबी, प्रभारी सीएमएस सेल, प्रभारी वीआईपी सेल सहित समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण मौजूद रहें ।

# सिरिंज से निकालता था देसी शराब, पानी मिलाकर बेचता था

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**चोपन।** स्थानीय पुलिस ने शनिवार को देसी शराब में पानी मिलाकर उसकी दोबारा पैंकिंग कर बेचने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके पास से अवैध देसी शराब, प्लास्टिक की बोतल, ढक्कन व अन्य सामान भी बरामद हुए हैं।चोपन-सिंदुरिया मार्ग पर रेणुका नदी के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने झारखंड के लोहरदग्गा निवासी अंकित कुमार साहू को पकड़ा। वह चोपन में किराए के मकान में रहता था। उसके कब्जे से एक हरे रंग की बोरी में छह लीटर अवैध देसी शराब, 107 खाली सीसी, 93 ढक्कन, बाइक आदि बरामद हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि सीरिंज की मदद से शराब निकालकर वह पानी मिलाता था। बाद में निकाली गई शराब को दूसरे बोतल में भरकर बेचता था।

# मच्छरों को मारने में उपयोगी कीटनाशक ढूंढ रही आईसीएमआर की टीम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**म्योरपुर।** आईसीएमआर के सात सदस्यों की टीम शनिवार को तीसरे दिन भी अपने अध्ययन में लगी रही। इस दौरान उन्होंने म्योरपुर ब्लॉक



के पाटी ग्राम पंचायत में लोगों का सैंपल लिया और विभिनन तरह की जांच की।टीम का नेतृत्व कर रहे डॉ. गौरव राज द्विवेदी ने बताया कि उनका अध्ययन मलेरिया से जुड़े दो बड़े प्रोजेक्ट पर है। पहले प्रोजेक्ट में मलेरिया के ऐसे मरीज, जिसमें कोई लक्षण न हो। इस श्रेणी में म्योरपुर के तीन ग्राम पंचायत का चयन किया गया है। इनमें पाटी, बेलहत्थी और मकरा गांव शामिल है। यहां मानसून के पहले अध्ययन किया गया है। अगर इनमें मलेरिया के परजीवी होंगे तो उसका पता लगाकर उपचार की व्यवस्था होगी। टीम में डॉ. द्विवेदी के लिए डॉ.नलिनी मिश्रा, डॉ. बृजरंजन मिश्र, डॉ.आयुष मिश्रा, रविशंकर सिंह, तकनीशियन शशिकांत तिवारी, कीट संग्राहक सूर्य प्रताप शामिल हैं। पूरी टीम आईसीएमआर गोरखपुर से आई हुई है। उन्होंने बताया दूसरा प्रोजेक्ट उपयुक्त कीटनाशक से जुड़ा है। डीडीटी पर प्रतिबंध के बाद इस दिशा में काम किया जा रहा है। मानसून सीजन में फिर आकर अध्ययन किया जाएगा। कहा कि गोरखपुर और सोनभद्र की स्थिति में क्या अंतर है इसका भी अध्ययन चल रहा है।

# तमंचा कारतूस के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**अनपरा।** अनपरा पुलिस को शनिवार को बड़ी सफलता मिली।



पुलिस ने 48 घंटे के अंदर चोरी का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरी का सामान व दो तमंचा, कारतूस भी बरामद किया है।अनपरा थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि अनपरा बाजार के महावीर चौक के समीप कटरा के सराफा व्यापारी संतोष कुमार वर्मा ने चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। बृहस्पतिवार की भोर में उनके दुकान का शटर तोड़कर दुकान से आभूषण चोरी हुआ था। शिकायत पर सीसीटीवी के माध्यम से चोरों की तलाश शुरू कर दी गई। शनिवार की भोर में मुखबिर की सूचना पर काशी मोड़ से तीन युवकों को पकड़ा। तलाशी के दौरान दो युवकों के पास से एक-एक तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस तीनों को पकड़कर थाने ले आई। पूछताछ में युवकों ने अपना नाम संदीप गुप्ता, राजू गुप्ता और अजय कोल बताया। तीनों रेणुसागर चौकी क्षेत्र के परासी के निवासी हैं। पूर्व में भी उनके विरुद्ध कई मामले दर्ज हैं। चोरों की निशानदेही पर सराफा व्यापारी के दुकान से चोरी हुआ, सोने का पानी चढ़ा दो झुमका, एक मंगलसूत्र, एक जंजीर, चार अंगूठी सहित अन्य आभूषण बरामद हुए। तीनों के विरुद्ध संबंधित धाराओ में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय में पेश कर रिमांड की मांग की गई है।

# कोर्ट ने खारिज की रिमांड अर्जी, पुलिस से मांगा स्पष्टीकरण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** अवैध परिवहन से जुड़े एक मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी में नियमों की अनदेखी पुलिस को भारी पड़ी है। सीजेएम कोर्ट ने एक ओर आरोपियों को रिमांड पर लेने की याचिका खारिज कर दी तो दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना पर कोतवाली पुलिस से स्पष्टीकरण भी तलब किया है।अवैध परिवहन, खनिज अधिनियम और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत पूर्व में दर्ज एक मामले में नई बाजार चौकी प्रभारी बृजेश सिंह ने शुक्रवार को रामेश्वर सिंह उर्फ पप्पू सिंह निवासी सिद्धीकला और रामनगीना चौहान निवासी खोराडीह, मीरजापुर को गिरफ्तार किया था। दोनों को शनिवार को कोर्ट में पेश कर 14 दिन के लिए रिमांड मांगी। आरोपियों के अधिवक्ता ज्वाला प्रसाद ने रिमांड का विरोध करते हुए दलील दी कि दवा लेने कार से रॉबर्टसगंज जाने के दौरान पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने रामेश्वर सिंह उर्फ पप्पू सिंह को बयान के लिए थाने बुलाया और फिर चालान कर दिया। यह सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अवमानना की श्रेणी में आता है। सीजेएम ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद रिमांड अर्जी को खारिज करते हुए दोनों आरोपियों को 20 हजार के बंधपत्र पर जमानत को मंजूरी दी। विवेचक स्पष्टीकरण भी तलब किया कि क्यों न उनके विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों की अवहेलना करने पर अवमानना की कार्रवाई के लिए हाईकोर्ट को पत्र संदर्भित किया जाए।

# पति और सास-ससुर गिरफ्तार, तीन फरार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**शक्तिनगर।** इलाके के कोटा बस्ती रहवासी क्षेत्र में मां व बेटी की मौत के मामले में महिला के पति व सास-ससुर को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। इस मामले में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। जिसमें तीन आरोपी अभी भी फरार चल रहे हैं।बृहस्पतिवार को कोटा इलाके में हुई घटना में मायके पक्ष ने दहेज के लिए मां नरगिस (23) उसकी चार माह की बेटी रानी की दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। इसके बाद पुलिस ने दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शनिवार को पति समेत सास-ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले में शामिल देवर, ननद समेत तीन लोग फरार हैं। मृतका के पिता के तहरीर पर कुल छह लोगों पर मुकदमा दर्ज है। पुलिस के मुताबिक पति अरमान, ससुर रहमान व सास नजरून निशा को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# छह लाख की हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** सदर कोतवाली पुलिस ने हेरोइन तस्करी के आरोप में एक



व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से छह लाख की हेरोइन बरामद की गई है। तीन तस्कर मौके से भाग गए।शुक्रवार की देर शाम कोतवाली पुलिस की एक टीम जैत गांव पहुंची थी। मुखबिर की सूचना के आधार पर जमगाई निवासी सुजीत कननैजिया को पकड़ा। उसके कब्जे से 60 ग्राम हेरोइन बरामद किया। सगे भाई सोनू उर्फ प्रतीक उर्फ बंटी और गोपाल, सुधीर उर्फ विधायक निवासी जैत मौके से फरार हो गए। मामले में सभी पर केस दर्ज कर सुजीत कननैजिया का चालान कर दिया गया। चौकी प्रभारी लौढ़ी विमलेश सिंह,एसआई विनोद यादव, मायाशंकर शुक्ला, सुजीत सेठ सहित अन्य शामिल रहे।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मीरजापुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने छात्र-छात्राओ को वोट




के महत्व व उसके प्रक्रिया के बारे में दी विस्तृत जानकारी लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मतदान का करे उपयोग -जिला निर्वाचन अधिकारी हमे वोट डालने का अधिकार है जिम्मेदार मतदाता के रूप में इसका उपयोग करना चाहिये न्मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर 04 मई 2024- जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत सामुदायिक भवन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं को वोट के महत्व तथा मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मतदाता एक जून को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपना योगदान दे और अपने गांव, अपने शहर तथा अपने आसपास के मतदाताओं को मतदान करने हेतु मतदान केन्द्र तक लाने के लिए प्रेरित करे, ताकि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने में वंचित न रह जाएमुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने कहा कि एक जिम्मेदार मतदाता ही सभी में जागरूकता ला सकता है। हमें वोट डालने का अधिकार है इसका हमें उपयोग करना चाहिए। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना भी हमारी एक बड़ी जिम्मेदारी है जिससे लोकतंत्र को और मजबूत बनाया जा सके। जिला विद्यालय निरीक्षक श्री अमर नाथ सिंह ने बताया कि हर मतदाता को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए मतदान भविष्य का विधाता होता है। युवा मतदाताओं को युवा पीढ़ियों को मतदान के लिए जागरूक होना चाहिए। इस अवसर पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कॉलेज में विभिनन प्रकार की आयोजित मतदाता जागरूकता प्रतियोगिताओ में स्थान प्राप्त छात्राओं को जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा सम्मानित भी किया गया उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त कर प्राचार्य प्रोफेसर अशोक कुमार सिंह ने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करना हम सब की अहम जिम्मेदारी है।कार्यक्रम संचालन डॉ कुलदीप पांडेय ने किया। इस मौके पर प्रोफेसर मकरन्द जायसवाल, प्रोफेसर अमिताभ तिवारी, प्रोफेसर ज्योतिश्वर मिश्र, प्रोफेसर अर्चना पांडेय, प्रोफेसर इंदुभूषण द्विवेदी, डॉ धर्मजीत सिंह, डॉ प्रतिमा भारतीय, डॉ हरीश तिवारी, डॉ अमित कुमार, महेंद्र कुमार सोनकर, सूर्यदेव मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# हमने स्कोरबोर्ड नहीं देखा और फाफ डू प्लेसी ने आरसीबी की लगातार तीसरी जीत के बाद किया बड़ा खुलासा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डू प्लेसी ने शनिवार को गुजरात टाइटंस पर जीत दर्ज फाफ डू प्लेसी ने मैच के बाद कहा कि हम स्कोरबोर्ड की तरफ नहीं देख रहे थे।बेंगलुरु के एम था कि स्कोरबोर्ड को नहीं देखना है और जैसे चाहे, उस तरह खेले। एक के बाद एक विकेट गिरने से थोड़ी चिंता बढ़ी। संभवतः हमारी



करने के बाद बताया कि उनकी टीम स्कोरबोर्ड पर ध्यान देने के बजाय अपने तरीके से खेल रही थी। आरसीबी ने आईपीएल 2024 के 52वें मैच में गुजरात को 38 गेंदें शेष रहते चार विकेट से मात दी।रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की आईपीएल 2024 में लगातार जीत का सिलसिला जारी रहा। फाफ डू प्लेसी के नेतृत्व वाली आरसीबी ने शनिवार को गुजरात टाइटंस को 38 गेंदें शेष रहते चार विकेट से मात दी और प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है। चिन्नास्वामी स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी की और पूरी टीम 19.3 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में आरसीबी ने 13.4 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। इस जीत के साथ ही आरसीबी ने प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है। वहीं, गुजरात के लिए प्लेऑफ की राह मुश्किल हो चली है।180-190 का स्कोर अच्छा होता, लेकिन हमने देखा कि मैच बदल गया। हमारा मंत्र बैटिंग दमदार नहीं थी, लेकिन हम सकारात्मक रहना चाहते हैं। हम अपना नेट रन रेट बढ़ाने के बारे में सोच रहे थे। यह आपको उस जगह ले जाएगा, जब विकेट गिरे तो शांति दिखानी होगी। तो इससे कुछ सबक सीखने की जरुरत है।रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की यह 11 मैचों में चौथी जीत रही और वो प्वाइंट्स टेबल में दो स्थान की छलांग के साथ सातवें नंबर पर पहुंची। वहीं, गुजरात टाइटंस की टीम 8 अंक होने के कारण 9वें स्थान पर खिसक गइ

# सुबह जब मैं उठा तो मैच से पहले सिराज की यह थी ख्वाहिश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल के 51वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटन्स को 4 विकेट से मात दी। हुए हैं। आरसीबी की तरफ से सिराज के अलावा यश दयाल और विजयकुमार वैशाक ने दो-दो विकेट लिए। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कर रहा था नई गेंद। पिछले साल मैंने नई गेंद से अच्छी गेंदबाजी की। इस बार भी जब मुझे मौका मिला तो मैंने अच्छा किया। आज सुबह



यह आरसीबी की लगातार तीसरी जीत है। इस जीत से आरसीबी के नेट रन रेट में सुधार हुआ है और वह प्वाइंट्स टेबल में सातवें स्थान पर पहुंच गई है। वहीं, गुजरात टाइटन्स नौवें स्थान पर खिसक गई है। आरसीबी की पारी के 11वें ओवर में जब विराट कोहली का विकेट गिरा तो लगा था कि मैच फंस गया है लेकिन स्वप्निल और कार्तिक की जोड़ी ने ऐसा नहीं होने दिया। यहँ की लगातार तीसरी जीत है। वे प्ले ऑफ के दौड़ में बने खेल गए मुकाबले में गुजरात की शुरुआत बेहद खराब रही। मोहम्मद सिराज ने घातक गेंदबाजी की। शुरुआत में ही रिद्धिमान साहा और शुभमन गिल के विकेट निकाल कर गुजरात के टॉप ऑर्डर को पूरी तरह से झकझोर दिया। सिराज ने 4 ओवर में 29 रन देकर 2 विकेट चटकाए। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतने के बाद सिराज ने कहा, नई गेंद मेरी ताकत है। इस सीजन मुझे कुछ मैचों में मुझे नई गेंद नहीं मिली थी, इसलिए मैं मिस जब मैं उठा तो मैंने रिद्धिमान साहा को इसी तरह से आउट करने का सोचा था, मैं खुश हूं कि मैंने जो सोचा था, मैदान पर वह कर पाया। गौरतलब हो कि 11वें ओवर में जब विराट कोहली का विकेट गिरा तो लगा था कि मैच फंस गया है, लेकिन स्वप्निल और कार्तिक की जोड़ी ने ऐसा नहीं होने दिया। यहँ की लगातार तीसरी जीत है। वे प्ले ऑफ के दौड़ में बने हुए हैं। आरसीबी की तरफ से सिराज के अलावा यश दयाल और विजयकुमार वैशाक ने दो-दो विकेट लिए।

# एक और हार से टूटा कप्तान शुभमन गिल का दिल, बताया कहां फिसली हाथ से बाजी; बोले- इस मैच से काफी पॉजिटिव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** चिननस्वामी के मैदान पर गुजरात टाइटंस ने हार की हैट्रिक पूरी कर ली। लगातार दूसरे मैच में शुभमन गिल की कप्तानी में गुजरात को आरसीबी के हाथों हार का मुंह देखना पड़ा। बल्लेबाजों के फ्लॉप शो के बाद गेंदबाजों ने हारी हुई बाजी को पलटने का पूरा प्रयास किया, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। हार से कप्तान शुभमन गिल बेहद निराश नजर आए। आरसीबी ने आईपीएल 2024 के 52वें मैच में गुजरात टाइटंस को 4 विकेट से पटखनी दी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात से मिले 148 रन के लक्ष्य को 13.4 ओवर में 6 विकेट खोकर हासिल किया। टीम की ओर से कप्तान फाफ डू प्लेसी ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। लगातार तीसरी हार से कप्तान शुभमन गिल बेहद निराश नजर आए।



शुभमन गिल ने आरसीबी के हाथों मिली हार के बाद कहा, ठयह विकेट पर निर्भर करता है। आप शुरुआत में कुछ ओवरों को देखते हैं जिससे आपको आइडिया लगता है कि कैसे खेलना है। मुझे लगता है कि 170 से 180 के बीच का टोटल अच्छा रहता। मेरे हिसाब से जिस तरह से हमने पावरप्ले में बल्लेबाजी और गेंदबाजी की उसने सारा अंतर पैदा किया। हमारे पास एक एक्स्ट्रा बॉलिंग ऑप्शन होता अगर हमने शुरुआत में जल्दी विकेट ना गंवाए होते। गुजरात टाइटंस के कप्तान ने आगे कहा, ठहमारे लिए यह जरूरी है कि हम अगले मैच में जीरो से शुरुआत करें। हमको इस हार को भूलकर आगे बढ़ना होगा। इस गेम से काफी पॉजिटिव चीजें हम ले सकते हैं। हमारे लिए जरूरी यह है कि हम गलतियों को दोबारा ना दोहराएं। अब यहां से हमको सभी मैचों में जीत दर्ज करने के लिए देखना होगा। चिननस्वामी के मैदान पर गुजरात टाइटंस का बैटिंग ऑर्डर बुरी तरह से फ्लॉप रहा। साहा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी टीम को अच्छी शुरुआत देने में नाकाम रही। साहा सिर्फ एक रन बनाकर आउट हुए, तो गिल 2 रन ही बना पाए। साई सुदर्शन भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और 6 रन बनाकर चलते बने। शाहरुख खान ने 37 और डेविड मिलर ने 30 रन बनाए। राहुल तेवतिया ने 35 रन का योगदान दिया। गुजरात की पूरी टीम 147 रन बनाकर ऑलआउट हुई।

# इंग्लैंड महिला टीम के कोच का चौंकाने वाला खुलासा, कहा- प्लेइंग इलेवन चुनने के लिए लेते हैं एआइ की मदद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड महिला टीम के मुख्य कोच जॉन लुईस ने खुलासा किया कि वह प्लेइंग इलेवन का चुनाव करने के लिए एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का



इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने दावा किया उन्हें इस तकनीक ने महत्वपूर्ण फीडबैक दिए हैं और एशेज सीरीज जीतने में भी मदद की थी। लुईस ने कहा कि उन्हें इस तकनीक (लंदन की कंपनी 'पीएसआई' द्वारा मुहैया करायी जाने वाली) के बारे में तब पता चला था जब वह मार्च 2023 में भारत में महिलाओं की प्रीमियर लीग के उद्घाटन सीजन में यूपी वारियर्स कोच थे। इंग्लैंड रग्बी यूनियन के कोच स्टीव बोर्थविक ने एआई का इस्तेमाल किया था। लुईस को इस प्रणाली की जानकारी के दौरान लगी थी। ईसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार, लुईस ने कहा कि उन्हें इस तकनीक (लंदन की कंपनी 'पीएसआई' द्वारा मुहैया करायी जाने वाली) के बारे में तब पता चला था जब वह मार्च 2023 में भारत में महिलाओं की प्रीमियर लीग के उद्घाटन सीजन में यूपी वारियर्स कोच थे इंग्लैंड के मुख्य कोच लुईस ने कहा कि एआई के इस्तेमाल से उन्हें पिछले साल महिलाओं की एशेज में दो फॉर्म में चल रही खिलाडियों में से एक का चयन करने का फैसला करने में मदद मिली थी। उन्होंने ईएसपीएन क्रिकइंफो से कहा, हमने इस तकनीक का इस्तेमाल पिछले साल एशेज में आस्ट्रेलिया के खिलाफ किया था जो काफी सफल रहा। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की खबर के अनुसार इंग्लैंड रग्बी यूनियन के कोच स्टीव बोर्थविक ने एआई का इस्तेमाल किया था। बता दें कि पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ 3 मैचों की वनडे और इतने ही मैचों की टी20 सीरीज के लिए इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम का एलान कर दिया गया है। टी20 सीरीज की शुरुआत 11 मई से होगी जबकि वनडे सीरीज का आगाज 23 मई से होगा।

# 17 साल की इंडोनेशियाई गेंदबाज ने टी20आई में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड, 20 गेंद फेंकी बिना रन दिए झटके 7 विकेट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इंडोनेशियाई गेंदबाज रोहमालिया रोहमालिया ने टी20घ् के क्रिकेट में असाधारण गेंदबाजी करते हुए नया इतिहास रच दिया है। 17 साल की रोहमालिया ने की। रोहमालिया ने 3.2-3-0-7 का असाधारण प्रदर्शन करते हुए इतिहास रचा। रोहमालिया रोहमालिया चौथी ऐसी गेंदबाज बनीं, जिन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 7 विकेट लेने का कमाल




3.2 ओवर में बिना कोई रन दिए 7 विकेट लेने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड नीदरलैंड की फ्रेडरिक ओवरडिज्क के नाम था, जिन्होंने 2021 में आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप क्वालीफायर के एक मैच के दौरान फ्रांस के खिलाफ 4-2-3-7 की घातक गेंदबाजी की थी। मंगोलिया के खिलाफ रोहमालिया रोहमालिया ने घातक गेंदबाजी की। रोहमालिया ने 3.2-3-0-7 का असाधारण प्रदर्शन करते हुए इतिहास रचा। रोहमालिया चौथी ऐसी गेंदबाज बनीं जिन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 7 विकेट लेने का कमाल किया है। इसके अलावा फ्रेडरिक ओवरडिज्क के वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ दिया। फ्रेडरिक ने घ्ण्ण् महिला टी20 वर्ल्ड कप क्वालीफायर के एक मैच के दौरान फ्रांस के खिलाफ 4-2-3-7 की घातक गेंदबाजी की थी उदयन क्रिकेट ग्राउंड में पांच मैच की सीरीज के आखिरी टी20घ् में मंगोलिया के खिलाफ रोहमालिया रोहमालिया ने घातक गेंदबाजी किया है। रोहमालिया ने 2019 में मालदीव के खिलाफ नेपाल की अंजलि चंद के 2.1-2-0-6 के स्पैल को पीछे छोड़ते हुए टी20घ् डेब्यू में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। बात करें मैच की तो इंडोनेशिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 151 रन बनाए। मेजबान टीम के लिए नी पुतु अयु नंदा सकारिनी ने 44 गेंद पर 6 चौकों और एक छक्के की मदद से 61 रन बनाए। मेंदबयार एनखज़ुल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अपने 4 ओवर के कोटे में 29 रन देकर 4 विकेट चटकाए। यहां से रोहमालिया ने मोर्चा संभाला और मंगोलियाई बल्लेबाजी को झकझोर कर रख दिया। उनके स्पेल के दम पर इंडोनेशिया ने अपने मंगोलिया को 16.2 ओवर में 24 रन पर समेट दिया और 127 रन से मैच जीत लिया। रोहमालिया के शानदार प्रदर्शन से इंडोनेशिया ने 5 मैच की सीरीज में 4-0 की बढ़त भी ले ली है। रोहमालिया ने 2 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 1.42 की इकॉनमी रेट से 7 विकेट लिए हैं।

# फाफ डू प्लेसी ने मचाया बल्ले से कोहरा ठोका तूफानी अर्धशतक क्रिस गेल का 12 साल पुराना रिकॉर्ड हुआ चकनाचूर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**आईपीएल 2024 के 52वें मैच में आरसीबी के कप्तान फाफ डू प्लेसा ने चिननस्वामी के मैदान पर बल्ले से जमकर कोहराम मचाया। तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए महज 18 गेंदों पर शतक जमाया। कोहली ने भी 42 रन का योगदान दिया। 148 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी को कर लिए हैं। फाफ ने आरसीबी की तरफ से दूसरा सबसे तेज अर्धशतक जड़ा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से सबसे तेज फिफ्टी जमाने का रिकॉर्ड क्रिस गेल



फाफ ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 18 गेंदों पर अर्धशतक ठोका। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टी-20 क्रिकेट में अपने 10 हजार रन भी पूरे किए। फाफ ने क्रिस गेल का रिकॉर्ड चकनाचूर करते हुए इतिहास भी रच डाला है। आईपीएल 2024 के 52वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटंस को 4 विकेट से हराया। गुजरात से मिले 148 रन के लक्ष्य को आरसीबी ने 13.4 ओवर में हासिल किया। टीम की ओर से कप्तान फाफ डू प्लेसी ने फाफ डू प्लेसी और विराट कोहली ने तूफानी शुरुआत दी। फाफ ने खासतौर पर गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों को निशाने पर लिया और जमकर चौके-छक्कों की बरसात की। आरसीबी के कप्तान पहले छह ओवरों में बल्ले से खूब तबाही मचाई। फाफ ने अपना अर्धशतक महज 18 गेंदों में पूरा किया। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने महज 23 गेंदों का सामना करते हुए 64 रन की विस्फोटक पारी खेली। अपनी इस इनिंग के दौरान फाफ ने 10 चौके और 3 छक्के जमाए। फाफ ने टी-20 क्रिकेट में 10 हजार रन भी पूरे के नाम दर्ज है, जिन्होंने 2013 में सिर्फ 17 गेंदों में पचास रन ठोक डाले थे। फाफ डू प्लेसी ने पावरप्ले के अंदर तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 64 रन ठोके। आरसीबी की ओर से शुरुआती छह ओवरों में फाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। आरसीबी के कैप्टन ने क्रिस गेल का 12 साल पुराना रिकॉर्ड चकनाचूर कर डाला है। गेल ने 2012 में पावरप्ले के अंदर 50 रन ठोके थे। शुरुआती छह ओवरों में आरसीबी ने सिर्फ एक विकेट खोकर 92 रन लगाए, जो इस लीग इतिहास का छठा सबसे बड़ा टोटल है।

# टी20 वर्ल्ड कप में विराट कोहली को ओपनिंग अजय जडेजा ने दिया सुझाव, कहा- रोहित शर्मा करें इस नंबर पर बल्लेबाजा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा ने 2 जून को वेस्टइंडीज और यूएसए में शुरू होने वाले आगामी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारत के ओपनिंग



कॉम्बिनेशन में बदलाव का प्रस्ताव दिया है। कप्तान रोहित शर्मा, यशस्वी जयसवाल और विराट कोहली को टीम का टॉप बल्लेबाज के रूप में रखा गया है। इसी पर पिछले कई हफ्तों में भारत की संभावित ओपनिंग जोड़ी पर खूब चर्चा हुई। भारत के पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा ने इस मामले को सुलझाने के लिए एक सुझाव दिया है। पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी अजय जडेजा का मानना है कि भारत के रोहित शर्मा को तीसरे नंबर पर आना चाहिए और अमेरिका में अगले महीने होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के दौरान पारी की शुरुआत करने के लिए विराट कोहली को बढ़ावा देना चाहिए। अजय जडेजा के मुताबिक अगर रोहित शर्मा निचले क्रम पर बल्लेबाजी करने आते है तो उन्हें थोड़ा समय मिल जाएगा। जियो सिनेमा से बात करते हुए अजय जडेजा ने मानना है कि टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारतीय पारी का आगाज रोहित शर्मा के बजाया, विराट कोहली करें। उन्होंने इसके पीछे का कारण भी बताया। अजय जडेजा ने कहा कि आईपीएल में आरसीबी के लिए पारी की शुरुआत करते हुए जबरदस्त फार्म में हैं। अभी तक कोहली 10 पारियों में 71.42 की औसत और 147.49 की स्ट्राइक रेट से 500 रन के साथ टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में शामिल हैं। अजय जडेजा ने कहा, मेरे हिसाब से विराट कोहली को ओपनिंग करनी चाहिए। कौन पीछे जाता है? रोहित शर्मा तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं। उन्हें थोड़ा आराम मिलता है और खेल को समझने में मदद मिलती है, एक कप्तान के रूप में उनके दिमाग में बहुत कुछ चल रहा है। आप जानते हैं कि निरंतरता ही वह चीज है जो आपको मिलेगी, इसलिए, उसका उपयोग भी कर सकते हैं, वह शीर्ष पर सर्वश्रेष्ठ है और पावरप्ले के में आक्रामक बल्लेबाजी कर सकते हैं। बता दें कि कोहली ने अब तक टी20घ् में नौ बार ओपनिंग की है। इस दौरान 57.14 की औसत और 161.29 की स्ट्राइक रेट से 400 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। एशिया कप 2022 के दौरान बल्लेबाजी की शुरुआत करते हुए अफगानिस्तान के खिलाफ अपना 71वां अंतरराष्ट्रीय शतक बनाया था।

# हो गया खुलासा आखिर क्यों नहीं हुआ केएल राहुल और रिंकू का चयन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम घोषित होने के बाद गुरुवार को चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में दोनों ने कई सवालों के जवाब दिए। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने खुलासा किया कि केएल राहुल और रिंकू सिंह का चयन क्यों नहीं हुआ। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए चुने गए स्क्वाड पर पर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और चीफ सेलेक्टर अजित अगरकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। टी20 वर्ल्ड कप के लिए केएल राहुल और रिंकू सिंह को भारतीय टीम में जगह क्यों नहीं मिली है। इस पर अगरकर ने विस्तार से बताया है कि उन्हें क्यों शामिल नहीं किया गया। केएल राहुल पिछले टी20 वर्ल्ड कप में टीम का हिस्सा थे।



इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।

इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के

मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी

सप्ताह के शुरुआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना

सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में

इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में

नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों

इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें।

नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।

परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव

मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

# सम्पादकीय

## बीच सड़क पर दिल न दे जाए धोखा, वाहन चालकों के लिए जरूरी है स्वास्थ्य की नियमित जांच

कोरोना के बाद हार्ट अटैक के मामले बढ़े हैं, ऐसे में वाहन चालकों की नियमित स्वास्थ्य जांच करना जरूरी है, ताकि हादसों से बचा जा सके।सड़क पार करना और किनारे बने फुटपाथ पर भी चलना क्या अब सुरक्षित नहीं रह गया है? ऐसे में जैब्रा क्रॉसिंग को कैसे सुरक्षित माना जा सकता है? ये सवाल इन दिनों लोगों के मन में उठ रहे हैं, क्योंकि बीते कुछ वक्त में ऐसे कुछ हादसे हुए हैं, जब बीच सड़क पर वाहन चालक अचानक नियंत्रण खो बैठा। हालांकि ऐसा उसने किसी साजिश के तहत या जान-बूझकर नहीं किया। जब वाहन इधर-उधर टकराते हुए रुका, तो पता चला कि ड्राइवर की या तो सांसें थम चुकी हैं या वह बेहोश हो चुका है। ऐसी घटनाएं इन दिनों सुखिर्यों में हैं। राजस्थान के नागौर में एक शोभायात्रा के दौरान सड़क से गुजर रही बोलेरो के ड्राइवर को हार्ट अटैक होने से वाहन बेकाबू हो गया और कई लोग कुचले गए। इलाज के दौरान ड्राइवर की मौत हो गई। 18 दिसंबर, 2023 को प्रतापगढ़ में ड्राइवर को अचानक हार्ट अटैक आया, जिससे सड़क पर चलती बालू लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। ड्राइवर समेत दो लोगों की वहीं मौत हो गई। 4 नवंबर, 2023 को दिल्ली के रोहिणी में डीटीसी बस हादसा हुआ। सीसीटीवी से पता चला कि ड्राइवर को हार्ट अटैक आया था और उसने गिरते हुए भी बस को रोकने की नाकाम कोशिशें कीं। लेकिन रफ्तार में चल रही बस फुटपाथ पर बाइकों को रौंदते हुए बढ़ती रही। 14 दिसंबर, 2023 को देवरिया में एक गांव से बोलेरो में बरातियों को लेकर ड्राइवर मनोज यादव बस्ती की ओर निकला। अचानक उसे हार्ट अटैक आया, तो उसने गाड़ी रोक दी। लेकिन उसे जब अस्पताल पहुंचाया गया, तो डॉक्टरों ने मृत करार दिया। राजस्थान के जैसलमेर में 4 नवंबर, 2023 को बस ड्राइवर की हार्ट अटैक से तत्काल मौत हो गई। गनीमत रही कि कंडक्टर ने फुर्ती दिखाकर बस रोक ली। मध्य प्रदेश के जबलपुर में 3 दिसंबर, 2022 को शहर के बीचों-बीच सिटी बस चला रहे ड्राइवर हरदेव सिंह को हार्ट अटैक आया और वहीं मौत हो गई। उस हादसे में छह राहगीर घायल हो गए। विशेषज्ञ हाल के दिनों में बढ़ते हार्ट अटैक में कोरोना की भूमिका बता रहे हैं। एक प्रख्यात अमेरिकी संस्थान की रिपोर्ट भी इसकी पुष्टि करती है कि जिनमें कोरोना के हल्के लक्षण मिले, उनमें भी मौत का जोखिम 20 प्रतिशत बढ़ा। कोरोना के बाद दुनिया भर में हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़े हैं। आज कहीं भी और किसी भी उम्र के लोगों को हार्ट अटैक हो रहा है। हार्ट अटैक से मौतें पहले भी होती थीं, लेकिन इस तरह नहीं। पहले अधिकतर बड़े-बूढ़े या बीमार इसके शिकार होते थे। सड़क पर अचानक वाहन चलाते वक्त हार्ट अटैक से हुई मौतें चिंताजनक हैं। इस पर सरकार को चेतना होगा। ऐसी स्थिति में वाहन को कैसे नियंत्रित किया जाए और ड्राइवर के अलावा अन्य लोगों के साथ होने वाली दुर्घटना को कैसे रोका जाए, यह एक बड़ी चुनौती है। वाहन पर काबू करने की कोई पहल भी समझ में नहीं आती। लगता है, परिवहन विभाग इस नई चुनौती से बेसुध है। लाइसेंस जारी करने से पहले ड्राइवर की आंखों की जांच का प्रावधान है, लेकिन शारीरिक स्थिति की नियमित जांच नहीं होती। आज चिकित्सा विज्ञान काफी तरक्की कर चुका है। सेहत की छोटी-छोटी जांच से बड़े-बड़े खतरे भांपना बहुत आसान है। यदि ड्राइवर को हार्ट अटैक का शिकार होने से पहले ही इसका संकेत मिल जाए, तो वह अपनी और दूसरों की जान जोखिम में क्यों डालेगा? इसलिए ड्राइवरों की शारीरिक स्थिति की नियमित जांच होनी चाहिए। वास्तव में होना तो यह चाहिए कि टोल नाकों की तर्ज पर स्वास्थ्य नाके भी बनें, जहां अत्याधुनिक, सक्षम व उनन्त मशीनें और विशेषज्ञ तैनात रहें, जो ड्राइवरों की जांच कर ताजा रिपोर्ट ड्राइवर को देने के साथ उसे लाइसेंस की चिप में ट्रांसफर करे। हर ड्राइवर का हेल्थ डाटा कहीं भी, कभी भी एक्सेस किया जा सके और सूचना क्षेत्र सहित रूट के स्वास्थ्य विभाग को भेजी जाए, ताकि समय-समय पर जांच-परख कर सलाह, उपाय व दवाएं देकर लाइसेंस में उसकी जानकारी अपडेट की जा सके। इससे एक तो ड्राइवर की सेहत पर सतत चौकसी होगी और दूसरे, वाहन चलाते वक्त हार्ट अटैक का जोखिम भी कम होगा।

## धधक रहे हैं धरती के फेफड़े, हो रहा पर्यावरण का विनाश

भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग के आंकड़ों के अनुसार देश का 36 प्रतिशत वनक्षेत्र अक्सर वनागिन से धधकता रहता है और इसमें से भी 4 प्रतिशत क्षेत्र वनागिन की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है। जबकि 6 प्रतिशत वनावरण अत्यधिक अगिन प्रवण पाया गया है।धरती पर जीवन जीने के लिए अति आवश्यक ऑक्सीजन के उत्पादन में एल्गी या शेवाल के बाद वनों की महती भूमिका को देखते हुए वनों को धरती के फेफड़ों की संज्ञा भी दी जाती है। लेकिन जब फेफड़े ही जल रहे हों तो फिर स्थिति की गंभीरता को आंका जा सकता है। अगर आप भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग के वनागिन डेशबोर्ड पर 24 अप्रैल की सुबह की ताजा स्थिति पर नजर डालें, तो आपको देशभर में पृथ्वी के दहकते फेफड़ों में मची तबाही



का मंजर साफ नजर आएगा।भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग उपग्रह से प्राप्त वनागिन के दृश्यों के विश्लेषित आकड़ों की पल-पल की जानकारी राज्यों के वन विभागों को देता है, जिससे की वनागिन को बुझाने के लिए तत्काल कार्यवाही कर सकें। विभाग के डैशबोर्ड पर 24 अप्रैल की प्रातः उत्तर से लेकर दक्षिण तक देश के 13 राज्यों में 62 वन क्षेत्रों में भीषण आग लगी हुई थी, जिनमें हिमालयी राज्य उत्तराखण्ड में सर्वाधिक 30 स्थानों पर जंगल भयंकर रूप से धू-धू कर जल रहे थे। हिमालय पर लपटें कितनी खतरनाक हैं, उसे बढ़ती दैवी आपदाओं से साफ महसूस किया जा सकता है।डैशबोर्ड में दूसरे नम्बर पर 8 घटनाओं के साथ आन्ध्र प्रदेश, 6 के साथ बिहार और 3 अगिन्कांडों के साथ झारखण्ड को दर्शाया गया था। बाकी राज्यों में एक या दो घटनाऐं दर्शायी गयीं थी। यही नहीं डैशबोर्ड में 17 अप्रैल से 22 अप्रैल तक के सप्ताह में हुए भीषण अगिन्काण्डों में उड़ीसा को पहले और उत्तराखण्ड को दूसरे स्थान पर दर्शाया गया था। उसके बाद वन बाहुल्य छत्तीसगढ़, और झारखण्ड की स्थिति बताई गई है।सरकारी विवरणों को अगर देखें तो वनागिन के नुकसान में केवल पेड़ों की गिनती करने के साथ ही आर्थिक नुकसान का आंकलन कर दिया जाता है, जबकि वन पेड़ पौधों और जीवों की प्रजातियों की एक विशाल श्रृंखला के प्राकृतिक घर हैं, जिनमें से कई प्रजातियां अन्यत्र कहीं नहीं पाई जाती हैं। जंगल में बड़े पेडों के अलावा छोटी नाजुक वनस्पतियां, लाइकेन्स के साथ ही जीवों की हिरन, लोमड़ी, गुलदार जैसे स्तनपायी जीव प्रायः भागकर जान बचाने में कामयाब हो सकते हैं। लेकिन पक्षी, तितलियां, मक्खियां, मकड़े, कीड़े-मकोड़े, मेंढक, दीमक, रेंगने वाले सांप, छिपकलियां और केंचुए जैसे अनगिनत जीव प्रजातियां खाक हो जाती हैं।आप कह सकते हैं कि वनागिन से भरा पूरा वन्यजीव संसार खाक हो जाता है। जबकि चींटी और दीमक से लेकर बड़े स्तनपाई जीवों तक हर एक को प्रकृति ने कुछ न कुछ दायित्व सौपा हुआ है। उदाहरण के लिए अगर वनों में दीमक न होंगे तो मिट्टी में उपजे बड़े पेड़ फिर मिट्टी में कैसे मिल पाएंगे।वनों को पृथ्वी के फेफड़े इसलिए माना जाता है, क्योंकि मानव फेफड़े की तरह वन ऑक्सीजन का उत्पादन करने और कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हम सांस में ऑक्सीजन लेते हैं और कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ते हैं। हमारी त्यागी गई कार्बनडाइआक्साइड वृक्षों के काम आती है और पादपों द्वारा छोड़ी गई ऑक्सीजन हमारे काम आ जाती है। वन प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया के माध्यम से वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते है और ऑक्सीजन छोड़ते है, जिससे वे पृथ्वी के वायुमंडल में गैसों के संतुलन को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण हो जाते है।जंगल की आग से उत्पनन धुआं और राख हवा की गुणवत्ता को खराब करता है, जिससे आस-पास के समुदायों में रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य जोखिम पैदा हो सकता है। जंगल की आग बड़ी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैसों को वायुमंडल में छोड़ती है, जो जलवायु परिवर्तन में योगदान करती है और ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ाती है। इस धुंवे में ब्लैक कार्बन होता है जो कि ग्लोबल और लोकल वार्मिंग का बढ़ाता है और इसका ऐरासोल वृद्धि के साथ ही अतिवृष्टि में भी सीधा योगदान होता है।

## औरत क्या चाहती है, समझने के लिए त्यागनी होगी पुरुषवादी सोच

ज्यादातर स्त्रियों के सपने उनके पुरुषों से जुड़े हैं। ठीक इसी तरह स्त्रियों का सुख उनके पुरुषों के साथ होने और उन्हें सुखी रखने में है। कहीं भी स्त्रियों को स्वतंत्रता नहीं है। पुरुष, परिवार और समाज यह



कल्पना तक नहीं कर सकते कि स्त्रियों का जीवन पुरुषों के जीवन से अलग या स्वतंत्र भी हो सकता है। जब तक इस तरह की सोच नहीं बदलेगी, तब तक इस बारे में सोचा भी नहीं जाएगा कि आखिर औरत चाहती क्या है?वर्ष 1991 में मैंने निमंत्रण नाम से एक उपन्यासिका लिखी थी, जिसमें स्त्री शोषण और पुरुषतंत्र की भयावहता के बारे में बताया गया था। निमंत्रण लिखने के कारण मुझे अनेक लोगों की निंदा-आलोचना सुननी पड़ी थी। कुछ लोगों के मुताबिक, वह पोर्नोग्राफी थी, जिसमें यौन संबंधों का खुला चित्रण था। बस, फिर क्या था, चारों ओर मेरी बदनामी कर दी गई। मेरी बदनामी फैलने लगी। कहा गया कि मैं पोर्नोग्राफी लिखती हूं। मेरी उस उपन्यासिका में आखिर था क्या कहानी यह थी कि अट्ठारह साल की किशोरी एक सुदर्शन युवक के प्रेम में पड़ जाती है। जबकि वह युवक उस तरुणी के दायरे से बहुत दूर है। तरुणी उस युवक को रोज चिट्ठी लिखती है, जिसमें वह अपना प्रेम निवेदन करती है। लेकिन युवक के पास वे चिट्ठियां पहुंचती ही नहीं। आखिरकार जब युवक को किशोरी के उससे एकतरफा प्रेम का पता चलता है, तब दो दिन प्रेम का अभिनय कर एक दोपहर को वह उसे अपने घर लंच के लिए आमंत्रित करता है। किशोरी सज-धजकर अपने प्रेमी के लिए कीमती उपहार खरीदकर उसके यहां पहुंचती है। वहां युवक और उसके सात दोस्त थे। वे सब उससे बलात्कार करते हैं। सामूहिक बलात्कार के बाद अंदर और बाहर से गंभीर रूप से घायल वह किशोरी घर लौटते हुए मन ही मन सोचती है कि पिता जब उससे पूछेंगे कि कहां गई थी, तब वह झूठ नहीं बोलेगी। उन्हें बता देगी कि वह किसी के निमंत्रण पर उसके घर गई थी। उपन्यासिका यहीं खत्म हो जाती है। उसमें बलात्कार के जो ब्योरे दिए गए थे, स्त्री-विरोधियों ने उसे पोर्नोग्राफी कहा था। समाज में जब स्त्री विरोधियों की संख्या बढ़ जाती है, तब औरतों के शोषण को स्वाभाविक समझ लिया जाता है। ऐसे तत्वों के लिए बलात्कार भी स्वाभाविक घटना है। निमंत्रण की कहानी काल्पनिक नहीं थी। हालांकि समाज का एक वर्ग मानता है कि इस तरह की घटनाएं नहीं होतीं। दूसरा वर्ग यह तो मानता है कि इस तरह की घटनाएं होती हैं, लेकिन उसका कहना है कि इसके लिए महिलाएं ही दोषी हैं। वे क्यों दोषी हैं, इसकी वजह भी बताई जाती है। दोष यह है कि वे प्रेम में पड़ती ही क्यों हैं? वे पुरुषों के पास जाती ही क्यों हैं? जाने पर तो उनके साथ गलत होगा ही। जो लोग बलात्कार का शिकार होने वाली महिलाओं पर ही बलात्कार की जिम्मेदारी डाल देते हैं, वे चाहते हैं कि लड़कियां घर से बाहर न निकलें, किसी के प्रेम में न पड़ें, किसी पर भरोसा न करें और किसी के निमंत्रण पर उसके यहां या उसके साथ न जाएं। वे महिलाओं को तो जिम्मेदार ठहरा देते हैं, लेकिन पुरुष की आंखों में उंगली डालकर नहीं कहते कि महिलाओं के साथ अत्याचार करने का पुरुषों को कोई अधिकार नहीं है। यह अजीब है कि घर से बाहर तक लड़कियों-महिलाओं के साथ गलत बर्ताव और यौन हिंसा को अंजाम तो पुरुष देते हैं, लेकिन इन सबके लिए जिम्मेदार महिलाओं को ठहराया जाता है। पुरुषवर्चस्ववादी समाज में पुरुषों की बर्बरता को कमतर करके दिखाने या उन्हें निर्दोष बताने की प्रवृत्ति पुरानी है। जिन लोगों ने निमंत्रण की कहानी को मनगढंत बताया था, उन्हें छत्तीसगढ़ के बिलासपुर की एक खबर से अवगत कराना चाहती हूं, जहां सोलह वर्षीय एक किशोरी के साथ उसके प्रेमी और उसके दो साथियों ने मिलकर बलात्कार किया। तीन युवाओं ने किशोरी को पूरी रात एक परित्यक्त घर में बंधक बनाकर रखा था। सुबह घर लौटी किशोरी ने पिता को सारी बातें बताईं, तो घरवालों ने थाने में रिपोर्ट लिखवाई। निमंत्रण नाम की उपन्यासिका मैंने लड़कियों-महिलाओं को सजग करने के लिए लिखी थी। मैं महिलाओं को यह बताना चाह रही थी कि उन्हें पुरुषों के जाल में नहीं फंसना चाहिए। इसमें संदेह नहीं कि शिक्षा ने आज की बहुत-सी स्त्रियों को जिस तरह आत्मनिर्भर बनाया है, उसी तरह उन्हें सजग भी किया है। लेकिन सभी स्त्रियां शिक्षित और सजग नहीं हैं, इसलिए वे पुरुषों के जाल में आसानी से फंस जाती हैं। हालांकि अनेक शिक्षित और आत्मनिर्भर स्त्रियां भी पुरुषों के धोखे और यौन अत्याचार का शिकार होती हैं। मौजूदा 21वीं सदी में भी स्त्रियों की यह दुर्दशा है, तो इसके लिए पुरुषवादी सोच जिम्मेदार है। लेकिन मैं यहां यह भी बताना चाहती हूं कि शिक्षा ने स्त्रियों के प्रति अनेक पुरुषों की भी सोच बदली है। निमंत्रण उपन्यासिका में भी पुरुषों के लिए संदेश था, और मेरा मानना है कि उसे पढ़कर अनेक पुरुषों ने भी स्त्रियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार करने के बारे में सीखा या सोचा होगा। लेकिन पुरुषों की बड़ी आबादी की सोच नहीं बदली है, इसी कारण महिलाओं के साथ होने वाली यौन हिंसा की घटनाएं कम होने का नाम ही नहीं ले रहीं। इस उपमहाद्वीप में धर्म या मजहब का महत्व सामाजिक-राजनीतिक जीवन में बहुत बढ़ा है। देखने वाली बात यह है कि इसके बावजूद स्त्रियों के साथ होने वाली यौन हिंसा की घटनाओं में कमी नहीं आई है। पुरुष चाहता है, स्त्री उसके हिसाब से चले। समाज चाहता है कि स्त्री उसके मुताबिक चले। स्त्री क्या चाहती है, इस बारे में न पुरुष जानने की कोशिश करता है, न ही समाज को इसकी परवाह है। स्त्री क्या चाहती है? मुझे लगता है कि स्त्री की चाह अब भी स्पष्ट नहीं हो पाई है। स्त्री किस तरह अपना जीवनयापन करना चाहती है? मुझे लगता है कि ज्यादातर स्त्रियों में अभी तक यह सोच विकसित नहीं हो पाई है कि अपनी तरह से जीवन जीने का क्या अर्थ है। यह स्वाभाविक भी है। पुरुष रचित धर्म, पुरुष रचित समाज और पुरुष रचित पुरुष तंत्र जिस तरह स्त्रियों को चलाते रहे हैं, स्त्रियां उसी तरह संचालित होती रही हैं। स्त्रियों की खुशी, उसके सपने और उसके सुख वही हैं, जो पुरुष उसे बताता है। यह आकस्मिक नहीं है कि ज्यादातर स्त्रियों की खुशी उनके पुरुषों की खुशियों में है। ज्यादातर स्त्रियों के सपने उनके पुरुषों से जुड़े हैं। ठीक इसी तरह स्त्रियों का सुख उनके पुरुषों के साथ होने और उन्हें सुखी रखने में है। कहीं भी स्त्रियों को स्वतंत्रता नहीं है। पुरुष, परिवार और समाज यह कल्पना तक नहीं कर सकते कि स्त्रियों का जीवन पुरुषों के जीवन से अलग या स्वतंत्र भी हो सकता है। जब तक इस तरह की सोच नहीं बदलेगी, तब तक इस बारे में सोचा भी नहीं जाएगा कि आखिर औरत चाहती क्या है

## सौ साल बाद भी समय को लेकर उठे सवाल का आज भी नही मिला जवाब, क्या वक्त एक धोखा है

हम हर चीज पर संदेह कर सकते हैं, लेकिन अपने जन्म, जीवन और मृत्यु पर संदेह नहीं कर सकते। इस यात्रा में उम्र के कई पड़ाव भी हम पार करते हैं, जिन्हें समय की समझ के बगैर नहीं समझा जा सकता। लेकिन भौतिक विज्ञानियों में यह संदेह है कि जिस तरह हम समय का अनुभव करते हैं, वह मौजूद है भी या नहीं?अंग्रेज तर्कशास्त्री मैक्टेगार्ट ताश के पत्तों के प्रयोग से एक तर्क गढ़ते हैं कि वक्त दरअसल कुछ है ही नहीं। यह एक भ्रम है। हालांकि उनके प्रयोग ने समय के रहस्य के समाधान के बजाय उसे और उलझा दिया है हम हर चीज पर संदेह कर सकते हैं, लेकिन अपने जन्म, जीवन और मृत्यु पर संदेह नहीं कर सकते। इस यात्रा में उम्र के कई पड़ाव भी हम पार करते हैं, जिन्हें समय की समझ के बगैर नहीं समझा जा सकता। लेकिन भौतिक विज्ञानियों में यह संदेह है कि जिस तरह हम समय का अनुभव करते हैं, वह मौजूद है भी या नहीं? अल्बर्ट आइंस्टीन का सापेक्षता का सिद्धांत कहता है कि समय निरपेक्ष न होकर सापेक्ष है। इसे एक उदाहरण से समझें। दिल्ली से लखनऊ के बीच की करीब साढ़े पांच सौ किलोमीटर की दूरी अगर सौ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तय करें, तो हमें लखनऊ पहुंचने में साढ़े पांच घंटे लगते हैं। लेकिन अगर यही दूरी इससे ज्यादा तेज गति से तय की जाए, तो यात्रा में लगने वाला समय कम हो जाता है। जाहिर है कि आप कितनी तेजी से यात्रा कर रहे हैं, इसके आधार पर यह तेज या धीमा हो सकता है। इस आधार पर ही आधुनिक भौतिकी कहती है कि समय एक भ्रम भी हो सकता है। वैज्ञानिक




लंबे समय से मानते आ रहे हैं कि समय पूर्ण और सार्वभौमिक है, जो हर किसी के लिए एक समान, हर जगह और स्वतंत्र रूप से अस्तित्व में है। आइंस्टीन के सिद्धांतों के अनुसार, ब्रह्मांड एक स्थिर, चार आयामी ब्लॉक है, जिसमें सभी देश व काल एक साथ अस्तित्व में हैं और जिसमें किसी खास वर्तमान क्षण जैसी कोई चीज नहीं है। किसी के लिए जो अतीत है, वही दूसरे के लिए भविष्य हो सकता है। इसका अर्थ यह भी है कि समय अतीत से भविष्य की ओर यात्रा नहीं करता, जैसा अमूमन समझा जाता है। भौतिक विज्ञान के विभिनन्न हिस्सों में जैसे क्वांटम यांत्रिकी में समय के विचार को लेकर एक टकराव दिखता है। तो क्या वाकई समय एक भ्रम है, यह पता लगाने का एक ही तरीका है कि तर्क का उपयोग कर यह साबित किया जाए कि समय अवास्तविक है। 1908 में, एक अंग्रेज दार्शनिक जे.एम. ई. मैक्टेगार्ट ने तर्क दिया कि हम केवल तार्किक सोच का उपयोग करके समय के भ्रम को समझ सकते हैं। मान लीजिए, किसी ने आपको ताश के पत्तों का एक बॉक्स दिया है, जिनमें से प्रत्येक कार्ड एक घटना का प्रतिनिधित्व करता है। एक पत्ता वर्ष 2024 का, दूसरा महारानी विक्टोरिया की मृत्यु का, और तीसरा 2026 में सूर्य ग्रहण को दर्शाता हो। ताश के इन पत्तों को मिला दिया गया है। आपको इन पत्तों को इस तरह से व्यवस्थित करने के लिए कहा गया है, जो समय का प्रतिनिधित्व करे। आप यह कैसे करेंगे? मैक्टेगार्ट इसका पहला तरीका बताते हैं, बी-श्रृंखला। इसमें आप पहला पत्ता चुनते हैं और उसे जमीन पर रख देते हैं। अब आप दूसरा पत्ता चुनते हैं और उसकी तुलना पहले से जमीन पर रखे पत्ते से करते हैं। अगर दूसरा पत्ता उससे पहले की घटना है, तो इसे जमीन पर रखे पत्ते के बाईं ओर रख देते हैं और अगर बाद की घटना है, तो दाईं ओर रख देते हैं। आप देखेंगे कि रानी विक्टोरिया की मृत्यु वाला पत्ता 2026 के सूर्य ग्रहण वाले पत्ते के बाईं ओर रखा जाएगा। 2024 वाला पत्ता 2026 के सूर्य ग्रहण वाले पत्ते के बाईं ओर, लेकिन रानी विक्टोरिया की मृत्यु वाले पत्ते के दाईं ओर रखा जाएगा। आप यह प्रक्रिया तब तक दोहराते रहें, जब तक कि आप एक क्रम में पत्ते न पा लें। लेकिन जब आप एक क्रम में पत्ते पा लेते हैं, तब आपको किसी कमी का एहसास होता है। अब पत्तों की पंक्ति स्थिर है, अब उनमें किसी बदलाव की जरूरत नहीं। अब आप कैसे कह सकेंगे कि समय बदलाव को दिखाता है? आखिर भौतिक विज्ञान भी तो यही कहता है कि समय बदलाव को मापने का जरिया है। कोई भी उपकरण जो समय को मापता है, वह बदलाव पर ही निर्भर होता है। जैसे घड़ी अपनी सुइयों की गति पर। याद कीजिए, आपका मूल काम पत्तों को इस क्रम में व्यवस्थित करना था, जो समय का सही ढंग से प्रतिनिधित्व करता हो। लेकिन अंत में आप वहां पहुंच गए, जो नहीं बदलता। अब इस आधार पर यह कहना कि समय नहीं बदलता, तो अजीब होगा। जाहिर है कि बी-श्रृंखला समय को कैप्चर नहीं करती। एक और भी विकल्प है। आप फिर से शुरू कर सकते हैं। इसे मैक्टेगार्ट 'ए-श्रृंखला' कहते हैं, जिसका उपयोग करके आप फिर से ताश के पत्तों को व्यवस्थित कर सकते हैं और समय को भी समझ सकते हैं। आप पत्तों के तीन ढेर बनाएं। बाईं ओर की ढेरी अतीत में घटी घटनाओं को दर्शाती है, जैसे रानी विक्टोरिया की मृत्यु। बीच में वे घटनाएं, जो वर्तमान में घटित हो रही हैं, जैसे वर्ष 2024 और दाईं ओर, वे जो भविष्य में घटित होंगी, जैसे-2026 का सूर्य ग्रहण। बी-श्रृंखला के विपरीत, यह व्यवस्था स्थिर नहीं है। जैसे-जैसे समय बीतता है, आपको पत्तों को दाएं (भविष्य) से मध्य (वर्तमान) और फिर बाएं (अतीत) ढेर में लाना होगा। क्या इसका मतलब यह कि ए-श्रृंखला समय का वर्णन करती है? मैक्टेगार्ट के अनुसार, ए-श्रृंखला गोलाकार है। आपके हाथ द्वारा पत्तों को बाएं ढेर से मध्य और फिर दाएं ढेर में ले जाना एक ऐसी प्रक्रिया है, जो समय में पहले ही हो चुकी है और आप उसका अनुकरण भर कर रहे हैं। इस व्यवस्था को चलाने के लिए आपको केवल समय पर रहना होगा। लेकिन समय को पकड़ने के लिए आपको समय से पहले होना होगा। जाहिर है कि बी-श्रृंखला समय को विश्लेषित नहीं कर सकती, क्योंकि उसमें बदलाव नहीं है। ए-श्रृंखला भी नहीं कर सकती, क्योंकि यह बदलाव तो करती है, लेकिन यह वृत्ताकार है, जिसमें पहले चीजें समय में घटती हैं, और आप सिर्फ अनुकरण करते हैं। इस आधार पर मैक्टेगार्ट इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि समय वास्तविक नहीं है, यह एक भ्रम है। सौ साल से भी ज्यादा वक्त बीतने के बाद भी समय को लेकर उठा सवाल आज भी अनुत्तरित है। ए और बी श्रृंखलाओं की सीमाओं के बाद एक सी-श्रृंखला की बात की जाने लगी, जिसके सिद्धांतकार कहते हैं, पत्तों की अतीत या भविष्य जैसी कोई दिशा नहीं होती। वर्ष 2024, रानी विक्टोरिया की मृत्यु और 2026 के सूर्य ग्रहण के बीच आता है। लेकिन सी-सिद्धांत के अनुसार ऐसा कोई क्रम नहीं है, यह केवल एक मानसिक आदत है। यह दीवार पर चित्र उकेरने जैसा है। आप कितने ही चित्र उकेर लें, दीवार की अपनी कोई दिशा नहीं होती। ए, बी या सी कौन-सी श्रृंखला सही है, या कोई भी सही नहीं है, यह तो समय ही बताएगा। महत्वपूर्ण यह है कि मैक्टेगार्ट ने बगैर किसी वैज्ञानिक निष्कर्ष का सहारा लिए समय की समस्या के समाधान के तर्क को आगे बढ़ाने का प्रयास किया।

## संक्षिप्त समाचार

### गाजा में स्थायी युद्धविराम पर इजरायल का रुख सकारात्मक

**तेल अवीव।** स्थायी युद्धविराम पर इजरायल के समझौते का रुख दिखाने से गाजा में शांति की संभावना पैदा हुई है। मिस्र की राजधानी काहिरा में चल रही वार्ता में शनिवार को इजरायली अधिकारियों के रुख से ऐसा प्रतीत हुआ। गाजा में 128



इजरायली नागरिकों को बंधक बनाए हमास की गाजा में स्थायी युद्धविराम की ही मुख्य मांग है। मिस्र की राजधानी काहिरा में चल रही वार्ता में शनिवार को इजरायली अधिकारियों के रुख से ऐसा प्रतीत हुआ। गाजा में 128 इजरायली नागरिकों को बंधक बनाए हमास की गाजा में स्थायी युद्धविराम की ही मुख्य मांग है। यह मकान इजरायली हमले में ध्वस्त हुआ था। इस प्रकार से गाजा में इजरायली हमलों में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 35 हजार के करीब पहुंच गई है। बताया गया है कि 14 लाख बेघरों वाले रफाह में इजरायली सैन्य कार्रवाई पर अमेरिका के असहमति जताने और बंधकों की रिहाई के लिए इजरायल में लगातार तेज हो रही मांग से गाजा में स्थायी युद्धविराम की राह बनी है। सूत्रों के अनुसार युद्धविराम के सिलसिले में काहिरा में चल रही वार्ता में जो प्रगति दिखाई दे रही है उसके चलते अगले सप्ताह हमास महिला बंधकों की रिहाई शुरू कर सकता है, बदले में इजरायल फलस्तीनी कैदी छोड़ेगा।शनिवार को गाजा में इजरायली हमलों में कुल 32 लोग मारे गए जबकि रफाह के एक ध्वस्त मकान के मलबे से तीन लोगों के शव मिले हैं। यह मकान इजरायली हमले में ध्वस्त हुआ था। इस प्रकार से गाजा में इजरायली हमलों में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 35 हजार के करीब पहुंच गई है। इजरायली सेना ने कहा है कि मारे गए लोगों में करीब 13 हजार हमास और इस्लामिक जिहाद ग्रुप के आतंकी हैं। इजरायली सुरक्षा बलों ने शनिवार को अवैध कब्जे वाले वेस्ट बैंक के तुल्कराम क्षेत्र में तीन फलस्तीनियों को गोली मार दी। इजरायल ने इन लोगों को आतंकी गतिविधियों में संलग्न बताया है।

### पाकिस्तानी मूल के सादिक खान लगातार तीसरी बार बने लंदन के मेयर

लंदन। पाकिस्तानी मूल के लेबर पार्टी के उम्मीदवार सादिक खान तीसरी बार लंदन के मेयर पद के लिए चुन लिए गए हैं। चुनावों के अंतिम परिणाम शनिवार को जारी किए गए। 53 साल के सादिक खान अपने निकटतम कंजर्वेटिव पार्टी के प्रतिद्वंद्वी सुसान हॉल से लगातार बढ़त बनाए हुए थे। पाकिस्तानी मूल के लेबर पार्टी के उम्मीदवार सादिक खान तीसरी बार लंदन के मेयर पद के लिए चुन लिए गए हैं। चुनावों के अंतिम परिणाम शनिवार को जारी किए गए। 53 साल के सादिक खान अपने निकटतम कंजर्वेटिव पार्टी के प्रतिद्वंद्वी सुसान हॉल से लगातार बढ़त बनाए हुए थे। गुरुवार को हुए स्थानीय चुनावों में लेबर पार्टी ने दर्जनों अंग्रेजी परिषदों में जीत हासिल की है।गुरुवार को हुए स्थानीय चुनावों में लेबर पार्टी ने दर्जनों अंग्रेजी परिषदों में जीत हासिल की है। इससे प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को भारी झटका हुआ है। सादिक खान ने नतीजों के बाद दिए एक भाषण में कहा, कुछ महीने मुश्किल भरे रहे हैं। हमें लगातार नकारात्मक चुनावी अभियान का सामना करना पड़ा। उन्होंने कंजर्वेटिव उम्मीदवार सुसान हॉल को हराकर 43.8 फीसदी वोट हासिल किए। वहीं, सुसान हॉल को 33 फीसदी वोट मिले हैं। वहीं, जनमत सर्वेक्षणों ने अनुमान जताया है कि लेबर पार्टी देश का अगला आम चुनावों में जीत हासिल करेगी। इस तरह से ब्रिटेन में 14 साल की कंजर्वेटिव सरकार का अंत होगा।

# भारत को 'जेनोफोबिक' बताने पर जयशकंर ने दिया अमेरिकी राष्ट्रपति को करारा जवाब


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि भारत जैसे देश जेनोफोबिक हैं। इस बयान को खारिज करते हुए भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि देश विविध समाजों के लोगों के लिए खुला और स्वागत करने वाला रहा है। इकोनॉमिक टाइम्स से बात करते हुए जयशंकर ने इस आरोप का भी खंडन किया कि भारतीय अर्थव्यवस्था लड़खड़ा रही है अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि भारत जैसे देश



जेनोफोबिक हैं। इस बयान को खारिज करते हुए भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि देश विविध समाजों के लोगों के लिए खुला और स्वागत करने वाला रहा है। बाइडन द्वारा इस्तेमाल किए गए जेनोफोबिक शब्द का मतलब एक तरीके से डर को कहा जाता है जो बाहरी लोगों को आने से रोकता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा लाया गया नागरिकता संशोधन अधिनियम (र्ण) भारत के स्वागत योग्य दृष्टिकोण को दर्शाता है। बाइडन द्वारा इस्तेमाल किए गए जेनोफोबिक शब्द का मतलब एक तरीके से डर को कहा जाता है, जो बाहरी लोगों को आने से रोकता है। दरअसल, 2 अप्रैल को, बाइडेन ने कहा था कि भारत, चीन, जापान और रूस की जेनोफोबिक प्रकृति उनकी आर्थिक समस्याओं के लिए जिम्मेदार है और तर्क दिया कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है क्योंकि वह अपनी धरती पर अप्रवासियों का स्वागत करता है। उन्होंने तर्क दिया कि अगर देश आप्रवासन को अधिक अपनाते है तो रूस और चीन के साथ जापान आर्थिक रूप से बेहतर प्रदर्शन करेगा। बाइडन मे कहा कि जापान, रूस और भारत को परेशानी क्यों हो रही है? क्योंकि वे जेनोफोबिक हैं वे आप्रवासियों को नहीं चाहते। जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा लाया गया नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) भारत के स्वागत योग्य दृष्टिकोण को प्रदर्शित करता है। इसीलिए हमारे पास सीएए है, जो मुसीबत में फंसे लोगों के लिए एक अहम रास्ता होगा। मुझे लगता है कि हमें उन लोगों का खुला स्वागत करना चाहिए जिन्हें भारत आने की जरूरत है।

# घर बैठे मिलेगी पेंशन की सारी डिटेल, जमा कर सकेंगे लाइफ सर्टिफिकेट और फॉर्म 16

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पेंशनभोगियों को अक्सर अपनी पेंशन का हिसाब-किताब रखने में दिक्कत होती है। कई बार कुछ तकनीकी दिक्कतों



के चलते उनकी पेंशन रुक भी जाती है, जिसके चलते उन्हें काफी भागदौड़ भी करनी पड़ती है। बुजुर्ग पेंशनभोगियों की इन्हीं सब परेशानियों को दूर करता है, केंद्र सरकार का भविष्य पोर्टल पेंशनभोगियों को अक्सर अपनी पेंशन का हिसाब-किताब रखने में दिक्कत होती है। कई बार कुछ तकनीकी दिक्कतों के चलते उनकी पेंशन रुक भी जाती है जिसके चलते उन्हें काफी भागदौड़ भी करनी पड़ती है। बुजुर्ग पेंशनभोगियों की इन्हीं सब परेशानियों को दूर करता है केंद्र सरकार का भविष्य पोर्टल। आइए जानते हैं कि भविष्य पोर्टल क्या है और इसमें क्या फायदे मिलते हैं भविष्य पोर्टल की मदद से पेंशनभोगी घर बैठे ही अपनी मासिक पेंशन स्लिप देख सकते हैं। उन्हें बकाये की जानकारी भी मिल जाएगी। वे अपने लाइफ सर्टिफिकेट का स्टेटस भी यहां से पता कर सकते हैं। यहां तक कि फॉर्म-16 भी जमा कर सकते हैं। केंद्र सरकार के पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने बैंक ऑफ इंडिया के साथ भविष्य पोर्टल की शुरुआत की है। साथ ही, पेंशनर्स बैंक ऑफ इंडिया, एँघ, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक और केनरा बैंक के बैंक अकाउंट में पेंशन वाले लोग भविष्य पोर्टल को यूज कर सकते हैं। सरकार आगे चलकर सभी बैंकों को भविष्य पोर्टल से जोड़ने की योजना बना रही है।

# मार्च में पांच टन बढ़ा आरबीआई का स्वर्ण भंडार, अवधि के दौरान सोने की वैश्विक मांग भी बढ़ी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**इस वर्ष मार्च में आरबीआई के स्वर्ण भंडार में पांच टन की बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान



दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों से स्वर्ण भंडार में शुद्ध रूप से बढ़ोतरी हुई है।व?र्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्लूयूजीसी) के अनुसार, अप्रैल की शुरुआत में आरबीआई का स्वर्ण भंडार 822.1 टन के रिकार्ड स्तर पर था और 2024 की शुरुआत से अब तक इसमें 18.5 टन की बढ़ोतरी हो चुकी है 2023 में आरबीआई ने 16.2 टन सोने की खरीदारी की थी। मार्च में तुकिये के केंद्रीय बैंक ने दुनियाभर में सबसे ज्यादा सोने की खरीदारी की है। इस दौरान तुकिये के केंद्रीय बैंक के स्वर्ण भंडार में 14 टन की बढ़ोतरी हुई है। भारत की तरह चीन के पीपुल्स बैंक आफ चाइना के स्वर्ण भंडार में भी पांच टन की बढ़ोतरी हुई है। 2023 में आरबीआई ने 16.2 टन सोने की खरीदारी की थी। मार्च में तुकिये के केंद्रीय बैंक ने दुनियाभर में सबसे ज्यादा सोने की खरीदारी की है। इस दौरान तुकिये के केंद्रीय बैंक के स्वर्ण भंडार में 14 टन की बढ़ोतरी हुई है। भारत की तरह चीन के पीपुल्स बैंक आफ चाइना के स्वर्ण भंडार में भी पांच टन की बढ़ोतरी हुई है। जनवरी-मार्च 2024 के दौरान सोने की वैश्विक मांग तीन प्रतिशत बढ़कर 1,238 टन रही है। भारत की बात करें, तो रिजर्व बैंक का गोल्ड भंडार अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।



# अकाय के जन्म के बाद पहली बार अनुष्का शर्मी देखने पहुंचीं मैच, विराट के चौके छक्के पर ऐसा था अभिनेत्री का रिएक्शन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अभिनेत्री अनुष्का शर्मा भले ही पर्दे से दूर हो चुकी हो, लेकिन अपने फैंस के दिलों में आज क्रिकेट स्टेडियम में अपने पति-क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को चीयर करते हुए देखा गया। को पूरा-पूरा सपोर्ट कर रही थी। मैच में एक पल ऐसा भी आया जब विराट रन-आउट होते-होते बचे। दरअसल, विराट रन-



भी हैं। इस साल अभिनेत्री दूसरी बार मां बनीं। उन्होंने 15 फरवरी को बेटे अकाय को लंदन जन्म दिया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के बीच शनिवार को बेंगलुरु क्रिकेट स्टेडियम में शानदार मैच देखने को मिला। इस दौरान विराट कोहली को सपोर्ट करने उनकी लेडी लव अनुष्का शर्मा भी नजर आईं। सोशल मीडिया पर उनकी कई फोटोज वायरल हो रही हैं। बेटे अकाय को जन्म देने के बाद पहली बार अनुष्का सपोर्ट हुई है। मां बनने के करीब ढाई महीने बाद उन्हें शनिवार को बेंगलुरु दिसंबर से अनुष्का ने मीडिया से दूरी बनाई हुई थी। अब आखिरकार उन्हें स्पॉट कर ही लिया। सोशल मीडिया पर उनकी कई फोटोज वायरल हो रही हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के बीच शनिवार को बेंगलुरु क्रिकेट स्टेडियम में मैच हुआ, जहां बेटे अकाय के जन्म के बाद अनुष्का शर्मा नजर आईं। इस आईपीएल सीजन में पहली बार देखते हुए अनुष्का के फैंस खुश नजर आ रहे हैं। इस दौरान विराट कोहली ने जबरदस्त बैटिंग की। ऐसे में पति को अभिनेत्री भी अपने पति आउट होते बाल-बाल बचे थे। उस पल अनुष्का का रिएक्शन तेजी से वायरल हो रहा है। तस्वीर में देख सकते हैं अकाय की मम्मी का मुंह खुला हुआ और आंखें बड़ी-बड़ी नजर आ रही है। हालांकि, वह इस फोटो में बेहद क्यूट लग रही हैं। अनुष्का शर्मा के वर्कफ्रंट की बात करें, तो जल्द ही फिल्म 'चकदा एक्सप्रेस' में नजर आएंगी। ये फिल्म उनके करियर में बड़ी फिल्म साबित होगी। क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की बायोपिक पर बेस्ड फिल्म में वो लीड रोल प्ले कर रही हैं।

# गर्लफ्रेंड इनेस डी रेमन संग क्वालिटी टाइम स्पेंड करते दिखे ब्रैड पिट वायरल हुई एक्टर की तस्वीरें

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट अक्सर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बने रहते हैं। जेनिफर एनिस्टन और एंजेलिना जोली से अलग होने के बाद ऐसी खबरें आई कि वह मशहूर ज्वेलरी डिजाइनर इनेस डी रेमन को डेट कर रहे हैं। हालांकि, दोनों में से लिस्ट नाम के एक पेज ने ब्रैड पिट और इनेस डी रेमन की कई फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में देखा जा सकता है कि अभिनेता इनेस के साथ समय बिताते हुए समुन्द्र किनारे घूमते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान ब्रैड पिट व्हाइट शर्ट और क्रीम कलर की पैंट पहने नजर आए। वहीं, दूसरी तरफ इनेस डी रेमन ग्रीन कलर की हॉफ



किसी ने भी अपने रिश्ते को ऑफिशियल नहीं किया। हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट और उनकी गर्लफ्रेंड मशहूर ज्वेलरी डिजाइनर इनेस डी रेमन की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इन फोटोज में दोनों एक साथ कैलिफोनिन्या के सांता बारबरा बीच पर एक साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों की इन तस्वीरों को देख कर फैंस भी अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। अब ब्रैड पिट और इनेस डी रेमन की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में दोनों कैलिफोनिन्या के सांता बारबरा बीच पर साथ में क्वालिटी टाइम स्पेंड करते हुए नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर ए जैकेट और व्हाइट कलर की ड्रेस में दिखाई दीं। एक तस्वीर में ब्रैड पिट, इनेस डी रेमन के कंधें पर हाथ रखकर वॉकिंग करते हुए नजर आए। ब्रैड पिट और इनेस डी रेमन को बीते साल पहली बार लॉस एंजिल्स में एलएसीएमए के आर्ट फिल्म गाला में देखा गया था। इस इवेंट में अभिनेता ने फिल्म निर्माता और सहयोगी डेविड फिन्चर को श्रद्धांजलि भी दी थी। हालांकि, कपल ने इवेंट में कोई फोटो नहीं क्लिक कराया था, लेकिन उन्होंने साथ में क्वालिटी टाइम बिताया। इतना ही नहीं कपल ने यूरोप में भी एक साथ काफी अच्छा समय बिताया था। फॉर्मूला वन रेसिंग फिल्म की शूटिंग के दौरान डी रेमन ने कई बार पिट से मुलाकात की थी।

# करियर के पीक में लारा दत्ता ने छोड़ा था बॉलीवुड, कमबैक पर 46 साल की एक्ट्रेस बोलीं 'उम्र के साथ ऑफर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मुंबई।** साल 2000 में मिस यूनिवर्स बनने के बाद सिनेमा जगत में आईं अभिनेत्री लारा दत्ता ने कॉमेडी से लेकर सहायक अभिनेत्री तक हर



तरह की भूमिकाएं निभाईं। इस महीने अपना 46वां जन्मदिन मनाने वाली लारा का कहना है कि उम्र बढ़ने के साथ अब उनके लिए विकल्प भी बढ़ गए हैं।इस वक्त अपनी हालिया वेब सीरीज रणनीति बालाकोट एंड बियॉन्ड को लेकर चर्चा बटोर रही हैं। दैनिक जागरण के साथ बातचीत में लारा दत्ता ने बताया कि कमबैक करने के बाद उन्हें किस तरह की फिल्में मिल रही हैं। उन्होंने रणनीति सीरीज में अपनी भूमिका को लेकर भी बात की है। जानिए एक्ट्रेस ने क्या-क्या कहा। हाल ही में, जियो सिनेमा पर प्रदर्शित वेब सीरीज 'रणनीति : बालाकोट एंड बियॉन्ड' में नजर आईं लारा 'वेलकम टू जंगल' में कॉमेडी करती दिखेंगी। एक्ट्रेस की दीपेश पांडेय से हुई खास बातचीत... किस रणनीति के तहत यह शो चुना? मेरा परिवार वायुसेना से जुड़ा है तो मेरे लिए विषय काफी जाना-पहचाना था। बालाकोट एयर स्ट्राइक वर्तमान भारत की मजबूती को प्रदर्शित करती है और बताती है कि हम अब कुछ बर्दाश्त नहीं करेंगे। इससे पहले किसी भी प्रोजेक्ट को लेकर मैंने अपने अंदर देशभक्ति की भावना इतनी ज्यादा महसूस नहीं की।जब मेरी बेटी पैदा हुई, तब मैं सिर्फ 32-33 साल की थी, उस समय मैंने ब्रेक लिया था। इस दौरान मैंने अपना और अपने काम का विश्लेषण किया। ब्रेक के दौरान ही हमारे देश में डिजिटल प्लेटफार्म आया और मैंने अपनी पहली वेब सीरीज 'हंड्रेड' की। उसी ब्रेक से मेरे लिए नई रणनीति की शुरुआत होती है। हमारे लिए यह तनावपूर्ण स्थिति थी। मेरे पिता देश के लिए तीन लड़ाइयां लड़ चुके हैं, दो बार वीरता पुरस्कार विजेता हैं। मेरी बहन भी कारगिल युद्ध में शामिल थी। मुझे पता है युद्ध की स्थिति में जवानों के परिवारों पर क्या गुजरती है। आपको पता भी नहीं चलता कि आपके पिता या बहन को ड्यूटी के लिए कहां भेजा गया है, वह किस हाल में हैं। जब अभिनंदन वर्धमान का जेट पाकिस्तान में गिरा था तो ऐसा लग रहा था जैसे अपने घर का कोई सदस्य कहीं कैद हो गया है। एक उम्र के बाद आप संकल्प वगैरह लेना बंद कर देते हैं। उम्र ने मुझे सीमाओं से मुक्त बना दिया है। अब ना किसी के नजरिए पर जाना है, ना ही मुझे हमेशा ग्लैमरस रहने के बारे में सोचना है। उम्र के साथ अच्छे और अलग किस्म के किरदार मिल रहे हैं। वो पहले मिल ही नहीं रहे थे। यह बहुत अच्छी बात है, अब मजा आ रहा है। मैंने ऐसा कभी नहीं सोचा कि मुझे सिर्फ सोलो लीड या महिलाप्रधान फिल्में ही करनी हैं। मैंने पेशेवर जीवन में अलग-अलग तरह की फिल्में की हैं। मेरा ऐसा कोई नजरिया नहीं था पर मैं मॉडलिंग की दुनिया से आई थी, मिस यूनिवर्स थी तो शायद फिल्मकारों का नजरिया ऐसा था कि यह लड़की ग्लैमरस है। हालांकि, तब तो लड़कियों के पास नायक की प्रेमिका या बहन की भूमिकाओं के अलावा करने के लिए ज्यादा मौके भी नहीं होते थे। बहुत कम फिल्मों में ही लड़कियों को कुछ एक्सपेरिमेंटल करने के लिए मिलता था। शो में मेरी पात्र खबरों के माध्यम से ऐसा ही नजरिया तैयार करती है, जो हम पूरी दुनिया को दिखाना चाहते हैं। रही बात मेरी तो अब मेरी उम्र ऐसी हो चुकी है कि कोई भी अफवाह चौंकाती नहीं है। मैं तो रोज कुछ न कुछ अफवाह सुनती हूं। हमारी इंडस्ट्री में तो ज्यादातर अभिनेता-अभिनेत्रियों का करियर ही अफवाहों के आधार पर आगे बढ़ा है। मैंने तो इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट भी डाला है कि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान में हिस्सा लें। विशेषकर उनके लिए जो पहली बार वोट देंगे। उनका वोट डालना बहुत जरूरी है। जब मैंने पहली बार वोट डाला था तो गर्व और जिम्मेदार नागरिक होने का एहसास हुआ था।

# वरुण धवन -जाह्नवी कपूर ने शुरू कीसनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की शूटिंग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की जोड़ी साल 2023 में आई फिल्म 'वबाल' में साथ दिखाई दी थी। इस फिल्म में दोनों की केमिस्ट्री को लोगों ने काफी पसंद किया था। अब यह जोड़ी बड़े पर्दे पर



एक साथ दिखाई देने वाली है। वरुण-जाह्नवी एक साथ फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में काम कर रहे हैं। वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की मोस्ट अवेटेड फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की शूटिंग शुरू हो गई है। अब स्टार्स ने इसके मुहूर्त का एक वीडियो शेयर किया है जिसमें फिल्म की पूरी टीम एक साथ दिखाई दे रही है। इस वीडियो को शेयर करते हुए फिल्म के स्टार्स ने अपने चाहने वालों से प्यार और आशीर्वाद मांगा है। उनकी इस मूवी का अच्छा खासा बज बना हुआ है। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित और शशांक खेतान के निर्देशन में बन रही है। अब इस मूवी की शूटिंग शुरू हो चुकी है और जाह्नवी कपूर ने इसके पूजा मुहूर्त का वीडियो शेयर किया है। जाह्नवी कपूर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के पूरे परिवार के साथ नजर आ रही हैं। वीडियो में सभी पूजा करते हुए नजर आ रहे हैं। इसे शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा कि प्यार सेंटर स्टेज स्तर पर आने वाला है। सनी संस्कारी और तुलसी कुमारी की अपने परिवार के साथ यात्रा आज से शुरू हो रही है। प्यार और आशीर्वाद भेजें। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी अगले साल यानी 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# बॉक्स ऑफिस पर डंका बजा रही साउथ से आई ये मूवी, वीकेंड में छापे इतने नोट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** तमनन भाटिया और राशि खनन ने साउथ के साथ-साथ हिंदी फिल्मों में भी अपने लिए शुरुआत में साउथ मूवी अरनमनई ने थिएटर्स में एंट्री ली है। ये फिल्म ताबड़तोड़ बिजनेस कर रही है। दक्षिण राज्य से आई फिल्म कमाई से खाता खोलने वाली इस मूवी ने दूसरे दिन इससे भी ज्यादा नंबर्स में कमाई की। 'अरनमनई 4' ने दूसरे दिन 6.25 करोड़ का



जगह बनाई है। खासकर तमनन की की फिल्में बॉलीवुड में भी रिलीज हुई हैं। इन दो एक्ट्रेस की एक्टिंग का करिश्मा फिल्म 'अरनमनई 4' में देखने को मिल रहा है, जो हाल ही में रिलीज हुई है। बॉक्स ऑफिस पर हिंदी भाषी कई फिल्में रिलीज हुई हैं। अप्रैल के शुरुआती दिनों में बड़े मियां छोटे मियां और मैदान रिलीज हुई तो वहीं अप्रैल के बीच में एलएसडी 2 और आखिर में रुसलान ने दस्तक दी। मई की 'अरनमनई 4' इसी नाम से रिलीज हुई अब तक की फिल्मों की अगली पेशकश है। इसके पहले 2021 में रिलीज हुई 'अरनमनई 3' को दर्शकों ने पसंद किया था। कहानी उस व्यक्ति की है, जो भूतिया हवेली में होने वाली चीजों से अनजान और परेशान एक गुत्थी को सुलझाने के लिए आया है। तमनन भाटिया और राशि खनन स्टारर इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी ओपनिंग ली। पहले दिन 4.65 करोड़ की बिजनेस किया है। इससे फिल्म का टोटल कलेक्शन 10.90 करोड़ का हुआ है। ये कहानी एक वकील की है, जो हॉन्टेड हवेली में अपनी बहन और जीजा की मौत की असली वजह पता करता है। गांव में अफवाह है कि भूत लोगों को खा जाता है। फिल्म में राशि खनन ने भूत का रोल प्ले किया है। तमनन उन लोगों में से हैं, जो इस अफवाह के पीछे के सच का पता लगाती हैं।

# फुलेरा में अब होगी 'लौकी' पर पंचायत, सीजन 3 में तीन गुना मजे की पूरी गारंटी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** वेब सीरीज पंचायत का क्रेज दर्शकों को में खूब देखने को मिलता है। पहले दो सीजन के जरिए जितेंद्र कुमार की इस सीरीज ने हर किसी का दिल जीता है। फुलेरा की पंचायत के सीजन 3 को लेकर लंबे समय से चर्चा चल रही हैं। हाल ही में इस वेब सीरीज के तीसरे सीजन की रिलीज डेट का एलान किया गया था। जितेंद्र कुमार स्टारर पंचायत वेब सीरीज दर्शकों की काफी फेवरेट मानी जाती है। हाल ही में पंचायत सीजन 3 की रिलीज डेट का एलान किया गया था। ऐसे में अब पंचायत के नए सीजन का लेटेस्ट टीजर रिलीज कर दिया गया है। जिसमें पंचायत और फुलेरा की लौकी की चर्चा जोरो-शोरो से की जा रही है। ऐसे में अब पंचायत 3 का लेटेस्ट टीजर भी रिलीज कर दिया गया है। इस टीजर में ये साफ कर दिया गया है कि इस पंचायत में तीन गुना मजा देखने को मिलने वाला है। शनिवार को पंचायत के मेकर्स की तरफ से वेब सीरीज के तीसरे



सीजन का पहला टीजर रिलीज कर दिया गया है। जिसे ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो ने अपने ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर लॉन्च किया गया है। इस टीजर में पंचायत वेब सीरीज के प्रहलाद पांडे (फैसल खान), विकास (चंदन रॉय) और भूषण (दुर्गेश कुमार) के बारे में जिक्र करते दिख रहे हैं और नए सीजन में तीन गुना मजा की गारंटी भी दे रहे हैं। देश के अलग-अलग शहरों में पंचायत की लौकी की चर्चा इस समय खूब हो रही है, ऐसा इस टीजर में दिखाया गया है। कुल मिलाकर कहा जाए तो पंचायत 3 का ये टीजर बेहद शानदार और कमाल है। रिलीज के साथ ही ये सोशल मीडिया पर छाने लगा है। इसके साथ ही पंचायत 3 के इस टीजर को देखने के साथ ही फैंस की एक्साइटमेंट काफी बढ़ गई है। पंचायत वेब सीरीज के पहले 2 सीजन ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करते हुए दिल जीता है। इसके बाद अब इसका तीसरा सीजन आने वाला है। गौर करें इसकी रिलीज डेट की तरफ तो 28 मई 2024 को पंचायत 3 ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो ऑनलाइन स्ट्रीम कर दिया जाएगा। जितेंद्र कुमार के अलावा नीना गुप्ता और रघुबीर यादव जैसे कलाकार इस सीरीज में मौजूद हैं।

# फिल्मों के चक्कर में इमरान हाशमी नहीं करते किरदार से समझौता, बोले- 'मेरा रोल अलग और अनोखा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सिनेमा की समझ हर कलाकार को हो, यह जरूरी नहीं है। कई बार मसाला फिल्में करने के चक्कर में कलाकार अपने किरदार कई बातें शेयर की हैं। अभिनेता ने बताया है कि वह करियर के शुरुआती दौर से लोकप्रिय सिनेमा का हिस्सा जरूर बनते आए हैं लेकिन उन्होंने कभी अपने किरदार को लेकर मेरी एक सोच रही है। मेरी पहले की जितनी भी फिल्में रही हैं, उन्हें मनोरंजन के नजरिए से बनाया गया था। नाच-गाना जानबूझकर रखा गया था, लेकिन



से समझौता कर बैठते हैं। बड़े बजट की फिल्में उन्हें आकर्षित करती हैं, तो कई बार किसी खास किरदार के लिए कलाकार स्वीकृति दे देते हैं। बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी अपनी जबरदस्त एक्टिंग के जरिए फैंस के दिलों में एक अलग जगह बनाते हैं। अब हाल ही उन्होंने अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर के साथ समझौता नहीं किया हालांकि, अभिनेता इमरान हाशमी इससे अलग सोचते हैं। वह करियर के शुरुआती दौर से लोकप्रिय सिनेमा का हिस्सा जरूर बनते आए हैं, लेकिन उन्होंने कभी अपने किरदार के साथ समझौता नहीं किया। इमरान कहते हैं, ठमास अपील वाली फिल्में करने हर फिल्म में मेरा रोल अलग था, अनोखा था, शायद उसे कोई और हीरो न करना चाहे। मुझे लगता है कि मैं लोकप्रिय सिनेमा को समझता हूं। दर्शकों की पसंद को पहचानता हूं कि उन्हें मुझे किस तरह के जॉनर या रोल में देखना पसंद है। यही कारण भी है कि मैं प्रयोगात्मक रोल कर पा रहा हूं। मैंने पिछली दोनों फिल्मों 'टाइगर 3' और 'ऐ वतन मेरे वतन' में एक-दूसरे से बहुत अलग काम किया था। मेरे लिए जरूरी है कि फिल्म में मेरा किरदार दर्शकों के लिए अनोखा हो। आपको कैसे पता चल जाता है कि दर्शकों को आपसे क्या चाहिए। इस पर इमरान कहते हैं, ठवेब सीरीज हो या फिल्में, उन्हें बनाने में बहुत मेहनत लगती है। दर्शकों की सराहना के लिए ही तो हम जीते है। शुक्रवार को फिल्म प्रदर्शित होती है, तो उसका सीधा कनेक्शन बॉक्स ऑफिस कलेक्शन से होता है। उसके साथ ही फिल्म समीक्षकों की समीक्षा भी आ जाती है।दर्शकों की प्रतिक्रिया भी अब इंटरनेट मीडिया पर मिल जाती है। वह अपनी पसंद-नापसंद सब जाहिर कर देते हैं। तो इंटरनेट मीडिया पर मेरे काम के लिए जो लिखते-कहते हैं, मैं वह सब पढ़ता हूं। जब सराहना होती है, तो वह केवल एक माध्यम तक सीमित नहीं रहती है। जब मैं कहीं बाहर निकलता हूं, रेस्त्रां जाता हूं, तो लोग मिलते हैं, वह बताते हैं कि मेरी किस परफार्मेंस से उन्हें खुशी हुई। तब अंदाजा लग जाता है कि दर्शक मुझे किस तरह के किरदारों में देखना पसंद कर रहे हैं।

# इस साल क्या है 'मेट गाला' की थीम, कौन करेगा होस्ट, जानिए सबसे बड़े फैशन इवेंट के बारे में सबकुछ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मेट गाला यह एक ऐसा फैशन इवेंट है, जिसका इंतजार हॉलीवुड से लेकर बॉलीवुड तक के आगाज होने वाला है। ऐसे में चलिए जानते हैं कि इस बार इसकी थीम क्या रखी गई है। इसे कौन होस्ट करने वाला है और कौनसे सेलेब्स




लोगों को रहता है। फैशन लवर्स के लिए ये इवेंट किसी फेस्टिवल से कम नहीं है। इसका आयोजन 2005 के बाद से हर साल मई के पहले सोमवार को होता है। ऐसे में इस बार ये इवेंट 6 मई को न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में होने वाला है। मेट गाला 2024 को शुरू होने में अब बस एक दिन का समय बाकी है। हर कोई इस इवेंट का बेसब्री के साथ इंतजार कर रहा है। 6 मई को सबसे बड़े फैशन इवेंट यानी मेट गाला का इसका हिस्सा बनने वाले हैं। मेट गाला 2024 कई मायनों में इस बार खास होने वाला है। ऐसे में चलिए जानते हैं कि इस बार इसकी थीम क्या रखी गई है, कौन इसे होस्ट करने वाला है। कौन-कौन से सेलिब्रिटी इस इवेंट का हिस्सा बनने वाले हैं। न्यू यॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, यह इवेंट शाम को 5:30 बजे शुरू होता है और लगभग 8 बजे तक खत्म हो जाता है। इसमें शामिल होने के लिए हर गेस्ट को एक स्लॉट अलॉट किया जाता है। इस साल की थीम 'स्लीपिंग ब्यूटीजः रीअवेकनिंग फैशन' रखी गई है, जो कॉस्ट्यूम इंस्टीट्यूट की स्प्रिंग 2024 प्रदर्शनी के टाइटल को दर्शाती है। स्लीपिंग ब्यूटी के तहत मशहूर हस्तियां चार शताब्दियों के अनूठे कपड़ों को पुनर्जीवित करते नजर आएंगे, जो इन्हें देखने वालों को फैशन से जुड़ा एक नया नजरिया देगी। इस बार इसमें शामिल होने वाले गेस्ट्स को 'द गार्डन ऑफ टाइम' के लिए ड्रेस पहनने का निर्देश दिया गया है, जिसका नाम जेजी की 1962 की शॉर्ट कहानी के नाम पर रखा गया है। मेट गाला 2024 इवेंट की सह-अध्यक्षता अनन विंटोर के साथ जेनिफर लोपेज, ज़ेंडाया, क्रिस हेम्सवर्थ और बैड बनने करने वाले हैं। वहीं, लाइव स्ट्रीमिंग की बात करें, तो इवेंट के अंदर का नजारा दिखाने के लिए, वोग लगातार चौथे साल इस कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग करेगा। होस्ट की अभी तक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन पिछले साल इसमें ला ला एंथोनी, डेरेक ब्लासबर्ग, एम्मा चेम्बरलेन और क्लो फाइनमैन शामिल थे। मेट गाला में शामिल होने वाले गेस्ट्स की लिस्ट सीक्रेट होती है। इसके इनविटेशन का काम काज अनन विंटोर देखती हैं। इस इवेंट में शामिल होने के लिए भले ही कोई भी डिजाइनर या ब्रांड मेट गाला में पूरी टेबल खरीदने के लिए सक्षम हो।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।